2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -336 बुधवार ,12 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

मन को वश में करो दुनिया तुम्हारे वश में रहेगी।
-वशिष्ठ-

# पंचतत्व में विलीन हुए मुलायम

## नेता जी को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब

**लखनऊ, 11 अक्टूबर 2022।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। इटावा के सैफई के मेला ग्राउंड में उनका अंतिम संस्कार हुआ। मुलायम के बेटे और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। बता दें सोमवार सुबह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में उनका निधन हो गया था। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। यूपी में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित कर दिया गया है।



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ा। भीड़ इतनी थी कि लोगों को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन के पसीने छूट गए। सपा के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव का सोमवार को गुरुग्राम के निजी मेदांता अस्पताल में 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

अपने समर्थकों के बीच हमेशा ''नेता जी'' के नाम से मशहूर मुलायम सिंह यादव बीमार होने के बावजूद कभी सियासत में सक्रीय रहे। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई गांव में एक किसान परिवार में 22 नवंबर 1939 को जन्मे मुलायम सिंह यादव वह 10 बार विधायक रहे और सात बार सांसद भी चुने गए। वह तीन बार (वर्ष 1989-91,1993-95 और 2003-2007) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और 1996 से 98 तक देश के रक्षा मंत्री भी रहे। एक समय उन्हें प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर भी देखा गया था।









### मुलायम सिंह यादव की अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब

समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षामंत्री धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने के लिए सैफई में जनसैलाब उमड़ पड़ा। डेढ़ लाख से ज्यादा लोग पहुंचे ।सभी अपने नेता के अंतिम दर्शन करने के लिए उतावले दिखाई दिए। लोगों में एक-दूसरे को धकेलकर आगे बढ़ने की होड़ मची रही।

### अखिलेश यादव से गले मिलकर रोए वरुण गांधी



### नेताजी के निधन की खबर सुन प्रशंसक ने की आत्महत्या

कानपुर में नेताजी मुलायम सिंह यादव की मौत की खबर सुनकर मजदूर ने आत्महत्या कर ली। मजदूर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि राजेश कुमार यादव (50) इस्पात नगर में मजदूरी करता था। काम से वापस घर आते वक्त सोमवार को उसे मुलायम सिंह यादव के निधन की बात पता चली। इस पर वह बौखला गया और यह कहते हुए कि जब मुलायम सिंह नहीं रहे तो हम जीकर क्या करेंगे। उसने पांडु नदी में छलांग लगा दी। राजेश यादव की मौत के बाद पत्नी रामरती और चार नाबालिग बेटियां ममता, ललिता, सरिता और आरूषी का हाल बेहाल है। भाई अमर बहादुर ने बताया कि बड़े भइया राजेश का नेताजी से बहुत लगाव था। उनके निधन की खबर सुनकर वह अवसाद में चले गए और आत्महत्या कर ली।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई,ममता बनर्जी के एक और विधायक को किया अरेस्ट

**कोलकाता, 11 अक्टूबर 2022।** पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस मामले में तृणमूल कांग्रेस विधायक माणिक भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया है। इससे पहले मंत्री पार्थ चटर्जी को भी अरेस्ट किया गया था और उनके ठिकानों से करोड़ों रुपये की रकम बरामद की गई थी। माणिक भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ प्राइमरी एजुकेशन के चेयरमैन थे। इसी साल जून में कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर उन्हें पद से हटाया गया था। उन पर इस घोटाले में शामिल होने के आरोप लगे थे, जिसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा और वहीं पर यह आदेश दिए गए।





माणिक भट्टाचार्य टीएमसी के दूसरे विधायक हैं, जिन्हें ईडी ने इस मामले में अरेस्ट किया है। इससे पहले पार्थ चटर्जी को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था। वह टीएमसी के सीनियर नेताओं में से एक थे, लेकिन घिरने के बाद ममता बनर्जी ने उन्हें पार्टी और मंत्री पद से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। ईडी ने पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो फ्लैटों से 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम बरामद की थी। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि माणिक भट्टाचार्य सीबीआई के सामने पेश हों। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। शीर्ष अदालत ने एजेंसी को आदेश दिया था कि अगले किसी निर्णय तक कोई ऐक्शन न लिया जाए। हालांकि अब ईडी ने उन पर शिकंजा कस दिया है। ईडी एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि भट्टाचार्य को अदालत से जो राहत मिली थी, वह सीबीआई को लेकर थी। लेकिन ईडी अलग एजेंसी है। इसी मामले में ईडी अलग से जांच कर रही है और आर्थिक लेनदेन के मामलों पर उसकी ही नजर है। इसके अलावा अन्य मामलों पर सीबीआई जांच कर रही है। आज माणिक को ईडी की ओर से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि इसी साल मई में कलकत्ता हाई कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके अलावा ईडी को भी इस मामले में शामिल किया गया है। ईडी की ओर से सितंबर में इस केस में पहली चार्जशीट दाखिल की गई थी।



### अंधविश्वास में पड़े डॉक्टर दंपति ने दो महिलाओं की दी बलि, घर में धन लाने के लिए वारदात को दिया अंजाम..

**केरल , 11 अक्टूबर 2022।** आज 21वीं सदी में भी कई लोग अंधविश्वास के चक्कर में फंसे हुए हैं। डिजिटल युग, इंटरनेट जैसे कई क्षेत्र में हमने तरक्की कर ली है लेकिन तंत्र-मंत्र के मायाजाल से बाहर नहीं निकल पाए हैं। ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्रों के पढ़े लिखे लोग भी इस झांसे में आ जाते हैं और अपना जीवन तबाह कर लेते हैं।

ऐसा एक मामला सामने आया है केरल के त्रिरुवल्ला से जहां एक डॉक्टर दंपति ने इस जाल में आकर 2 महिलाओं की बलि चढ़ा दी। इस काम में उन्होंने एक तस्कर से संपर्क कर उसकी मदद ली थी। महिलाओं को व्यवस्था करने की तस्कर ने कही थी। त्रिरुवल्ला के रहने वाले डॉक्टर भागवत काफी समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। उनकी पत्नी लीला ने पेरुंबवूर में रहने वाले शिहाब से संपर्क किया। उसने कहा-मानव बलि देने से ही भगवान खुश होंगे। उसने दो महिलाओं की बलि देने को कहा।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा-उज्जैन के कण-कण में अध्यात्म

**उज्जैन, 11 अक्टूबर 2022।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उज्जैन के कण-कण में अध्यात्म है। उन्होंने कहा कि उज्जैन ने भारत की संपन्नता और ज्ञान का नेतृत्व किया है। इससे पहले, पीएम मोदी ने उज्जैन में 856 करोड़ रुपये की लागत से तैयार महाकालेश्वर मंदिर कारिडोर विकास परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण किया। महाकाल लोक के निर्माण से मंदिर का कुल क्षेत्रफल वर्तमान में 2.82 हेक्टेयर से बढ़कर 20 हेक्टेयर से भी अधिक हो गया है।



श्री महाकाल लोक के लोकार्पण की गूंज विदेशों में भी सुनाई दे रही है। भाजपा के विदेश संपर्क विभाग ने अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, यूएइ, कनाडा, हालैंड, कुवैत सहित 40 देश के को उद्घाटन कार्यक्रम दिखाने की व्यवस्था की है।

## सपा नेता स्वामी प्रसाद के निजी सचिव समेत 12 लोगों पर केस दर्ज,पीड़िता ने लगाया ये सनसनीखेज आरोप

**नई दिल्ली/लखनऊ, 11 अक्टूबर 2022।** के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के निजी सचिव सज्जाद समेत 12 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. गोमतीनगर निवासी एक महिला ने हत्या की कोशिश व छेड़छाड़ का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने रविवार रात को गोमतीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराइ थी कि सज्जाद ने उसकी बहन को फंसा रखा है।

एक प्रतिष्ठित मीडिया में प्रकाशित इंस्पेक्टर गोमती नगर दिनेश चंद्र मिश्रा के बयान के मुताबिक, शारदा अपार्टमेंट में रहने वाली महिला का कहना है कि उसकी बहन सरकारी अफसर है। इसी अपार्टमेंट में सज्जाद भी रहता है। महिला की बहन व सज्जाद में कुछ समय से अच्छी जान-पहचान है।



महिला को शक है कि सज्जाद ने दो साल से उसकी बहन को फंसा रखा है। महिला के अनुसार, नौ अक्तूबर की रात वह छोटी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ रात के वक्त 1090 चौराहे पर आइसक्रीम खा रही थी। इस बीच सपा नेता का काफिला निकला। महिला ने बहन व रिश्तेदारों को साथ लेकर कार से काफिले का पीछा किया।

स्वामी प्रसाद मौर्य के घर पहुंचने पर महिला ने उनसे मिलने की बात कही। इस बीच सज्जाद ने स्वामी प्रसाद मौर्य को बताया कि उक्त महिला कई दिनों से पीछा कर रही है। इस बीच महिला ने सज्जाद पर बहन को परेशान करने का आरोप लगाया। सारी बातें सुनने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य अंदर चले गए।

आरोप है कि सज्जाद और अन्य गार्डों ने मिलकर उसे, उसकी बहन और अन्य रिश्तेदारों को पीटा। एक गार्ड ने उनके रिश्ते के भाई की कनपटी पर पिस्टल लगाकर फायर किया। गनीमत रही कि ये मिस हो गया। आरोप है कि महिला की बहन के कपड़े फाड़ दिए गए। किसी तरह महिला जान बचाकर घर पहुंची।

## सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से मांगा दागी सांसद-विधायक के लंबित मामलों का ब्योरा

**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर 2022।** आम जनता के बीच नेता का मुखौटा लगाकर जनहितैषी बनने का नाटक करने वाले नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। सभी प्रदेशों इन नेताओं के खिलाफ उच्च न्यायालयों में आपराधिक मामले लंबित हैं। उच्चतम न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को सांसदों-विधायकों के खिलाफ पांच साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक मामलों और उनके शीघ्र निपटारे के लिए उठाये गये कदमों समेत पूरा विवरण उपलब्ध कराने को कहा।



न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने 10 अगस्त 2021 को दिये गये न्यायालय के आदेश में संशोधन कर दिया जिसमें यह कहा गया था कि न्यायिक अधिकारियों, जो सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे हैं, को अदालत की पूर्व मंजूरी के बिना बदला नहीं जा सकता।

शीर्ष अदालत ने न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया की दलील को संज्ञान में लेते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन दायर किये गये हैं जिसमें विशेष अदालत के प्रभार से मुक्त करने की अनुमति देने की मांग की गई है, क्योंकि या तो उनकी प्रोन्नति हो गई है या फिर स्थानांतरण हो चुका है। शीर्ष अदालत ने 10 अगस्त 2021 के आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को यह अधिकारी होगा कि वह ऐसे न्यायिक अधिकारियों के तबादले का आदेश दे सकेंगे।

## 70 साल से पद्मनाभ स्वामी मंदिर की रखवाली करने वाले दिव्य शाकाहारी मगरमच्छ का हुआ अंतिम संस्कार

**केरल, 11 अक्टूबर 2022।** केरल स्थति श्री अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर का चावल और गुड़ का प्रसाद खाकर 70 सालों तक मंदिर की रखवाली करने वाले 'दिव्य मगरमच्छ' को भू समाधि दी गई । इस दिव्य मगरमच्छ की बीते दिनों देर रात्रि मंदिर के तालाब में मृत्यु हो गई । मिली जानकरी के अनुसार उसकी मौत का कारण उसके उम्रदराज होना माना गया है । यह सब खुलासा भी उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किया गया है । एक जीव प्राणी में इस तरह का दुर्लभ भाव विरला ही देखने को मिलता है ।



बताया जाता है कि मगरमच्छ कासरगोड जिले के कुंबला में श्री अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर की विद्या का हिस्सा रहा है । इसलिए बबिया को एक हिंदू 'संन्यासी' के अंतिम संस्कार रूप में परिकल्पित किया गया और उसको सभी प्रार्थनाओं के साथ एक औपचारिक अंत्येष्टि दी गई. इतना ही नहीं इसके अंतिम संस्कार (दफनाने) करने से पहले भक्तों को इस 'दिव्य आत्मा' के दर्शनार्थ और श्रद्धांजलि देने हेतु शव को कई घंटों तक मोबाइल फ्रीजर में रखा गया था ।

**बनेगी समाधि**

मंदिर ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष उदय कुमार का कहना है कि हमारे पास एक हिंदू स्वामीजी के दफन से जुड़े अनुष्ठान और प्रार्थनाएं थीं । उन्होंने बताया कि शव को मंदिर के पास गड्ढे में उतारा गया. उन्होंने इस बात को भी जोर देते हुए कहा कि बबिया एक दिव्य आत्मा था । भविष्य में भक्त उसकी समाधि पर आकर प्रार्थना कर सकते हैं ।

### 80 साल के हुए बिग बी अमिताभ बच्चन,पीएम मोदी ने दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर 2022।** हिंदी सिनेमा के महान कलाकार एवं बिग बी के नाम से मशहूर अमिताभ बच्चन का आज 80वें जन्मदिन है। इस अवसर पर हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन को उनके 80वें जन्मदिन पर बधाई दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। दरअसल, बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन आज 80 साल के हो चुके हैं।

महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर ट्विट कर बधाई दी है।

## मुंबई क्राइम ब्रांच का डी कंपनी पर बड़ा ऐक्शन,दाऊद गिरोह के 5 और गुर्गे गिरफ्तार

**मुंबई, 11 अक्टूबर 2022।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को जबरन वसूली के मामले में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की 'डी' कंपनी से जुड़े 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हाल ही में गैंगस्टर छोटा शकील के बहनोई सलीम कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट और कारोबारी रियाज भाटी को गिरफ्तार किया था। सभी पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया था।



अधिकारी ने बताया कि मामले की आगे की जांच के दौरान अजय गंडा, फिरोज, समीर खान, पापा पठान और अमजद रेडकर की भूमिका सामने आई थी। इसी के आधार पर इन 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के साथ जुड़े रियाज भाटी को पिछले महीने मुंबई के वर्सोवा थाना पुलिस ने जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

### वर्सोवा के व्यापारी को धमकाने का मामला

पुलिस ने पहले कहा था कि भाटी ने वर्सोवा के एक व्यापारी को धमकाया। उससे 30 लाख रुपये मूल्य की एक कार और लगभग साढ़े सात लाख रुपए की नकदी की मांग की थी। इब्राहिम का करीबी छोटा शकील और उसका रिश्तेदार सलीम फ्रूट को भी प्राथमिकी में नामजद किया गया था।

### देश से भागने की फिराक में था भाटी

अधिकारी ने यह भी बताया कि इससे पहले रियाज भाटी को जबरन वसूली, जमीन हड़पने और गोलीबारी समेत कई मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। भाटी ने 2015 और 2020 में फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके देश से भागने की भी कोशिश की थी। वहीं, सलीम फ्रूट को इससे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 'डी कंपनी' सिंडिकेट के खिलाफ दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था।

## हैंडपंप चलाने पर जमीन के भीतर से निकली शराब,देख कर पुलिस भी हुई हैरान

**राधौगढ़ , 11 अक्टूबर 2022।** अचानक हैंडपंप चलाने पर जमीन के अंदर से शराब निकलने लगी जिसे देखकर सभी हैरान हो गए। चौंकिए नहीं यह सच है और इसका पता पुलिस की टीम ने लगाया है। दरअसल नशा मुक्ति अभियान के तहत गुना पुलिस ने राधौगढ़ थाना क्षेत्र के साकोन्या गांव दबिश देकर 230 लीटर अवैध जहरीली जब्त की है और 5000 लीटर लहान नष्ट किया गया।



पुलिस ने मौके पर मिले हैंडपंप को चलाया तो उससे शराब निकलने लगी। जब उसके नीचे खुदाई की गई तो अवैध शराब से भरी टंकियां मिली हैं। ये टंकियां जमीन में करीब 7 फीट अंदर थीं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब नष्ट की है। बताया जा रहा है कि इस गांव का लगभग हर परिवार शराब बनाता है।

बता दें इन कच्ची शराबों को बोतल, केन या पाउच बनाकर बेचा जाता है। और एमपी से कई ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस लगातार ऐसे मामलों में कार्रवाई करती है।

## संपादकीय

# रिमोट से कैसे नहीं चलेंगे खड़गे!

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रेस कांफ्रेंस की तो एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे दोनों नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर बड़े व कद्दावर नेता हैं और उनमें से जो जीतेगा उसे रिमोट कंट्रोल से नहीं चलाया जा सकेगा। यह बात शशि थरूर के मामले में सही हो सकती है कि वे जीतेंगे तो रिमोट कंट्रोल से नहीं चलेंगे। लेकिन वे जीतेंगे ही नहीं। क्योंकि मल्लिकार्जुन खड़गे अनधिकृत रूप से अधिकृत उम्मीदवार हैं। उनके पीछे नेहरू-गांधी परिवार का समर्थन है। इसलिए यह तय है कि खड़गे ही अध्यक्ष का चुनाव जीतेंगे और थरूर 10 फीसदी वोट भी हासिल नहीं कर पाएंगे।

अब सवाल है कि क्या खड़गे रिमोट कंट्रोल से संचालित नहीं होंगे? जिस दिन राहुल गांधी ने कहा कि खड़गे और थरूर को रिमोट कंट्रोल से नहीं चलाया जा सकता है उसी दिन खड़गे ने कहा कि वे इसलिए अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि गांधी परिवार से कोई चुनाव नहीं लड़ रहा है। सोचें, जब वे लड़ने के लिए तैयार ही इसलिए हुए क्योंकि परिवार से कोई नहीं लड़ रहा है तो उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है कि वे अपने हिसाब से फैसले करेंगे? खड़गे बड़े नेता हैं, उनका बड़ा अनुभव है और जमीनी पकड़ वाले नेता हैं इसके बावजूद वे पार्टी को वैसे ही चलाएंगे, जैसा राहुल गांधी चाहेंगे। लेकिन यह अच्छी बात है कि राहुल गांधी उनके लिए स्वतंत्र अध्यक्ष की पोजिशनिंग कर रहे हैं।

# कश्मीर:अमित शाह की दो-टूक बातें

गृहमंत्री अमित शाह ने बारामूला में 10 हजार से ज्यादा लोगों की सभा को संबोधित किया, यही अपने आप में बड़ी बात है। उनका यह भाषण एतिहासिक और अत्यंत प्रभावशाली था। हमारे नेता लोग तो डर के मारे कश्मीर जाना ही पसंद नहीं करते लेकिन इस साल कश्मीर में यात्रियों की संख्या 22 लाख रही जबकि पिछले कुछ वर्षों में 5-6 लाख से ज्यादा लोग वहां नहीं जाते थे। बारामूला की जनसभा और यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या ही इस बात के प्रमाण हैं कि कश्मीर के हालात अब बेहतर हुए हैं, खास तौर से 2019 में धारा 370 के हटने के बाद से! लगभग सभी कश्मीरी नेताओं ने धारा 370 हटाने का बहुत जमकर विरोध किया था लेकिन आजकल उनकी हवा निकली पड़ी है, क्योंकि कश्मीर के हालात में पहले से बहुत सुधार है। मनोज सिंहा के उप-राज्यपाल रहते हुए कश्मीर में अब भ्रष्टाचार करने की किसी की हिम्मत ही नहीं पड़ती।

कश्मीर में बगावत का झंडा उठाने वाले और राज करने वाले स्थानीय नेतागण केंद्र से मिलने वाली अरबों-खरबों की धनराशि का जितना इस्तेमाल लोक-कल्याण के लिए करते थे, उससे कई गुना ज्यादा अब होने लगा है। अमित शाह ने कहा है कि पिछले 70 साल में कश्मीर में केंद्र की ओर से सिर्फ 15000 करोड़ रू. लगाए गए थे जबकि अब पिछले तीन साल में 56000 करोड़ रुपयों का विनिवेश हुआ है। कई अस्पताल, विश्वविद्यालय, स्कूल, पंचायत भवन आदि खड़े कर दिए गए हैं।

पहले कश्मीर का लोकतंत्र सिर्फ 87 विधायकों, 6 सांसदों और दो-तीन परिवारों तक ही सीमित था लेकिन अब 30,000 पंचों और सरपंचों को भी स्थानीय विकास के अधिकार मिल चुके हैं। आतंकवादियों ने कुछ पंचों की हत्या भी कर दी थी लेकिन पंचायत के चुनावों में जन-उत्साह देखने लायक था। अमित शाह ने अपने भाषण में कश्मीर के पिछड़ेपन के लिए तीन परिवारों को जिम्मेदार ठहराया है। गांधी-नेहरु परिवार, अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार!

इन तीनों परिवारों ने कश्मीर पर अपना लगभग एकाधिकार बना रखा था, यह तथ्य है लेकिन हम यह न भूलें कि इनमें से किसी ने भी कश्मीर को भारत से अलग करने का नारा नहीं दिया है। वरना, कांग्रेस और भाजपा इनके साथ मिलकर वहां सरकारें क्यों बनातीं? कश्मीर के अलगाववादी नेताओं से भी मेरा गहन संपर्क रहा है, उनमें से एकाध अपवाद को छोड़कर कभी किसी ने कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने की बात नहीं की है। अमित शाह ने सरकार की इस नीति को दो-टूक शब्दों में दोहराया है कि जब तक आतंकवाद जारी है, पाकिस्तान से भारत बात नहीं करेगा।

मेरी राय यह है कि जब पांडव और कौरव महाभारत युद्ध के दौरान बात करते थे और अब नरेंद्र मोदी यूक्रेन के सवाल पर पूतिन और झेलेंस्की से बात करने का आग्रह कर रहे हैं तो हम पाकिस्तान से बात बंद क्यों करें? मैं तो शाहबाज शरीफ और नरेंद्र मोदी दोनों से कहता हूं कि वे बात करें। वे खुद बात करने के पहले कुछ गैर-सरकारी माध्यमों के जरिए संपर्क करें। जैसे हमने संकटग्रस्त श्रीलंका और तालिबानी अफगानिस्तान की मदद की, वैसी ही मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी लोगों की मदद के लिए भी हाथ आगे बढ़ाएं।

**-वेद प्रताप वैदिक-**

# शरद पूर्णिमा की रात,है अमृत की बरसात



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

शरद पूर्णिमा आश्विन शुक्ल की पूर्णिमा को ही मनाया जाता है।इस दिन चन्द्रमा का स्वरूप बहुत ही अद्भुत और सौंदर्य से युक्त सोलह कलाओं से दैदीप्यमान होता है।चन्द्रमा की दूधिया आभा पूरी प्रकृति जल-थल-नभ को प्रकाशवान कर देती है।सारा कण-कण और जड़,चैतन्य सा जान पड़ता है।धरती में एक नई ऊर्जा,चेतना,उत्साह,उमंग,और उल्लास छा जाता है।पूरी धरती जीवंत हो जाती है।ऐसे पावन अवसर पर शीतल-मंद-सुगन्ध हवाएं बहने लगती है।मौसम पूरी तरह से मनोरम हो जाता है, न बारिश,न गर्मी और न ही ठंड।प्रकृति का एक अद्भुत रूप उपस्थित हो जाता है।क्षिति,जल,गगन,समीर,तरु पुष्प,सभी मे शरद पूर्णिमा का प्रभाव स्पस्ट दिखाई देने लगता है।वन, उपवन,बाग बगीचे खेत खलिहानो में हरी-भरी हरियाली सुंदर रंग-बिरंगे फूल कलियां, धरती की सुंदरता में चार-चांद लगा देते हैं।ताल-तलैया पोखर-सरोवर,नदिया का जल,सुस्वादु और स्वच्छ हो जाता है।ऐसे समय मे जल-थल-नभ की जीव जंतुएँ स्वच्छ जल में विचरण और अठखेलियाँ करते हुए दिखाई देने लगते हैं।

ऐसे पावन अवसर पर शरद पूर्णिमा का अवतरण होता है।यह अवसर है चन्द्रमा का परिवर्तनशील होकर अपने पूर्ण स्वरूप के साथ सोलह कलाओं से युक्त आश्विन पूर्णिमा की निशा में अवतीर्ण होना है।ऐसे पूर्णिमा की रात में यह चन्द्रमा अपनी सोलह कलाएं यथा आमृत, मंदा, पुष्प, तुष्टि, पुष्टि, धृति, शाशनी, चंद्रिका, कान्ति ज्योत्सना, श्री प्रीति, अंगदा,पूर्ण, पुरनामृत,ऊर्जा उमंग उत्साह के आभा को पूरे जल-थल-नभ सारी सृष्टि में प्रकाशित और प्रवाहित करता है। और इसे ही अमृत वर्षा कहा जाता है।

वैसे इस सम्बंध में एक कथा भी आती है कि-इसी शरद पूर्णिमा में समुद्र मंथन हुआ था जिसमे चन्द्रमा,दुर्गा,लक्ष्मी,धन्वन्तरि,अमृत,विष,का प्रादुर्भाव हुआ था।इसी दिन भगवान विष्णु और लक्ष्मी माता का विवाह भी हुआ।और इसी शरद पूर्णिमा में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने राधे सहित गोपियों सँग महारास की लीला रचाई थी।ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात में चन्द्रमा की किरणों में ओस के साथ अमृत की बरसात होती है।इसी कारण इस रात में

जनङ्मानस खीर बनाकर घर के छत में टांगते है, और फिर उसे धन्वन्तरि का प्रसाद स्वरू ग्रहण करते हैं।और इस प्रसाद से शारीरिक व्याधियां दूर होती है।तथा आरोग्य की प्राप्ति होती है।

दूसरी मान्यता यह भी है कि मनुष्य का जीवन भी चन्द्रमा की सोलह कलाओं के समान परिवर्तन शील होती है।मनुष्य के मन को भी चन्द्रमा के समान माना गया है जो हमेशा घटती-बढ़ती रहती है।और अंत मे जब वह देह का त्याग करता है तो वही प्रकाश में विलीन हो जाता है जिसे मोक्ष की प्राप्ति कहा गया है।

इस प्रकार से यह कहा जा सकता हैं की यह शरद पूर्णिमा उल्लास,उमंग,और जीवंतता का प्रतीक है जो हमारे जीवन मे एक नई चेतना और ऊर्जा का संचार करता है।

## मौन रहना घातक



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

संविधान की मूल भावना से परे जा
हक़ अधिकार को लूटते देखकर भी
मौन रहना घातक साबित होता जा रहा है,
पता नहीं ये शोषित समाज किस बात पर
खामोशी से खुशी मना रहा है,
जमीनें लूटी जा रही है,
बलात्कार इनके लिए
सर्वमान्य खेल बन गया है,
जाति के नाम पर हत्याएंआम है,
विरोध में बोल नहीं पा रहे
क्योंकि मनमस्तिष्क उनके
नियमों के गुलाम है,
इन सबके पीछे मन में बैठा डर है,
आंखों के आगे घूम रहा
उनका अमानवीय कहर है,
याद रखो डर का दृश्य सामने रख
पीछे से अधिकार छीने जाते हैं,
सत्ता उनकी कबसे बड़ी ताकत है,
और मौन रहना उससे भी ज्यादा घातक है,
तो प्रण लेने की जरूरत है
कि लब खोलेंगे,
चीख चीख कर बोलेंगे।

# बच्चों को सुविधाएं दें,लेकिन संस्कारों के साथ



**पिंकी सिंघल**
शालीमार बाग दिल्ली

किसी भी देश के बच्चे उस देश के भविष्य के निर्माता अर्थात राष्ट्र निर्माता कहलाते हैं ।इस बात में कोई संदेह नहीं कि जिस देश की जनसंख्या का एक बड़ा भाग युवा वर्ग होता है उस देश की प्रगति दर उन देशों की अपेक्षा तीव्र होती है जिन देशों की जनसंख्या के बड़े भाग में किशोर एवं वरिष्ठ लोग शामिल होते हैं।

हमें अपने देश को तरक्की की राह पर ले जाने के लिए अपने देश की जनसंख्या को सशक्त एवं चरित्रवान बनाना चाहिए क्योंकि किसी भी देश के नागरिक उस राष्ट्र के विकास एवं प्रगति के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। यह सच है कि किसी भी देश की प्रगति में बड़ा हाथ देश के युवा वर्ग का होता है ,किंतु, यदि बाल्यावस्था से ही बच्चों में अच्छे संस्कार डाले जाएं तो युवावस्था तक पहुंचते-पहुंचते वे संस्कारी एवं चरित्रवान नागरिक बनते हैं और अपने देश की संस्कृति और सभ्यता को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होते हैं ।

आज के मेरे इस आलेख का एकमात्र उद्देश्य यह है कि हमें अपने बच्चों को हर संभव सुख सुविधाएं देने का प्रयास करना चाहिए ताकि बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि हो और वे पूरे जोश और विश्वास के साथ जिंदगी में चुनौतियों का सामना कर पाएं और आगे ही आगे बढ़ सकें।

निसंदेह प्रत्येक माता-पिता और अभिभावक की यही कोशिश होती है कि वह अपने बच्चे को दुनिया के तमाम सुख सुविधाएं उपलब्ध कराएं और जिन चीजों से वे स्वयं कभी वंचित रहे ,उन चीजों की कमी उनके बच्चों को ना देखनी पड़े ।इसलिए वे अपने बच्चों को दुनिया की हर खुशी दे देना चाहते हैं और सही भी है ।हमारी हमेशा यही कोशिश होनी चाहिए कि हम बच्चों के लालन-पालन में कोई कमी ना रखें और उनका पालन पोषण पूरी ईमानदारी के साथ करें ।उनके प्रति यह हमारा कर्तव्य भी है और हमारे बच्चों का अधिकार भी ।दुनिया के प्रत्येक बच्चे को हंसी खुशी सुख सुविधाओं के साथ जीने का अधिकार है जिससे उन्हें वंचित नहीं रखा जाना चाहिए ।




परंतु ,इन सभी बातों के साथ-साथ यह बात भी नितांत सत्य है कि बच्चों को सुख सुविधाएं उपलब्ध कराएं किंतु कहीं ये सुख सुविधाएं ही उनकी प्रगति और तरक्की के मार्ग में बाधक न बननी शुरू हो जाएं, इस बात का भी हमें विशेष रूप से ध्यान रखना होगा ।अधिकतर होता क्या है कि बच्चे भौतिक सुविधाओं के नाम पर गलत आदतों का शिकार हो जाते हैं।वे अवांछित मांगें रखने लग जाते हैं और जब उनकी ये इच्छाएं और मांगे पूरी नहीं की जाती तो वे उग्र हो जाते हैं और अंततः समाज और देश के लिए घातक सिद्ध होते हैं क्योंकि उनका इस प्रकार का गैर जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार भविष्य में जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में तब्दील हो जाता है।

अक्सर लोगों को यह कहते सुना जाता है कि आज की जनरेशन के बच्चों में सहनशक्ति की कमी है इसलिए वे तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं ।किंतु, मेरा मानना यह है कि हमारे बच्चे किस प्रकार का व्यवहार करते हैं वह काफ़ी हद तक हम बड़ों अर्थात अभिभावकों पर निर्भर करता है ।हम अपने बच्चों के समक्ष जिस प्रकार का व्यवहार करते हैं, वह उनके लिए उदाहरण बन जाता है और वे हमारा अनुकरण करना आरंभ कर देते हैं। इसलिए यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे देश के जिम्मेदार नागरिक बनें, संस्कारी बनें, सुशील बनें,सभ्य बनें, तो हमें सर्वप्रथम अपने व्यवहार को सभ्य एवम संतुलित बनाना होगा।कहा भी तो गया है न कि चैरिटी बिगिंस फ्रॉम होम।

उपरोक्त स्थितियां उत्पन्न न होने पाएं, इसका पूरा दायित्व भी कहीं न कहीं हम अभिभावकों और माता-पिता का ही है ।हमें अपने बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देने होंगे, बड़ों का सम्मान करना करना सिखाना होगा,मजबूर और मजलूम लोगों की मदद करने की आदत को विकसित करना होगा, छोटू के प्रति स्नेह पूर्ण व्यवहार भी उन्हें हम ही सिखा सकते हैं और इस बात का भी हमें ही खास ख्याल रखना होगा कि उन को दी जाने वाली सुविधाओं का वे किसी भी सूरत में दुरुपयोग न करें और समाज के प्रति अपने सभी प्रकार के दायित्वों को समझें और उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं।

उपरोक्त छोटी किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण बातों को मस्तिष्क में रखकर हम अपने देश को ऊर्जावान सुर संस्कृत शब्द है एवं सहनशील नागरिक सौंप सकते हैं और देश की तरक्की में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं इसलिए अपने देश और समाज को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहले स्वयं को जिम्मेदार बनाएं अपने चरित्र को मजबूत बनाएं एवं अपनी सभ्यता के साथ कभी खिलवाड़ न होने दें।

# बोल्ड होंगे गहलोत ?

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजनीति की पिच पर गुगली फेंकने की कला में माहिर माने जाते हैं। गहलोत सरकार के एक मंत्री का कहना है कि कांग्रेस की सरकार ने चार साल पूरा कर लिया और यहां ऑपरेशन लोटस नहीं चल पाया तो इसका पूरा श्रेय बारीक राजनीति के धुरंधर अशोक गहलोत को ही जाता है। इसका एक बड़ा कारण गहलोत का बैटिंग से ज्यादा फील्डिंग को बेहतर तरीके से सजाना है। हालांकि अजमेर क्षेत्र के एक वरिष्ठ कांग्रेसी का कहना है कि इस बार उनकी रणनीति में शायद चूक हो गई। गहलोत अपनी फिरकी गेंद में खुद ही उलझते दिखाई दे रहे हैं ।



अशोक गहलोत पिछले सप्ताह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने आए थे । 22 तारीख को वह राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए मनाने गए थे। इससे पहले अशोक गहलोत ने चुने गए अध्यक्ष के लिए एक व्यक्ति, एक पद का सिद्धांत जरूरी न होने का बयान दे दिया था। जोधपुर के गहलोत के पुराने मित्र का कहना है कि गहलोत ने तभी हवा में स्थिन गेंद उछाल दी थी। सही बात यह भी है कि वह कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना ही नहीं चाहते थे । जयपुर में अशोक गहलोत के एक करीबी मित्र रहते हैं। संगीत की दुनिया से जुड़े हैं । उनका भी कहना है कि गहलोत साहब को दिल्ली में रहकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी कम रास आ रही थी । बताते हैं कि गहलोत इसी इरादे से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले थे। लेकिन उनके बयान देने के तत्काल बाद केरल में भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त राहुल गांधी ने इसका कड़े शब्दों में खंडन कर दिया था। राहुल ने अध्यक्ष पद को लेकर अपनी मंशा भी साफ कर दी थी। इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी कोई किंतु परंतु नहीं छोड़ा था। बताते हैं केरल से जयपुर लौटने के बाद वह भविष्य की फील्डिंग सजाने में जुट गए, क्योंकि गहलोत को यह इशारा साफ था कि उन्हें जयपुर का होमवर्क पूरा करके पार्टी अध्यक्ष पद पर नामांकन करना है । कांग्रेस पार्टी के एक पुराने महासचिव कहते हैं कि मैं इसमें बहुत कुछ मानने के लिए तैयार नहीं हूं। कांग्रेस अध्यक्ष को जरूर अशोक गहलोत की तमाम आंख मिचौलियों का अंदाजा रहा होगा। यह बात अलग है कि उन्हें बात इस स्तर तक पहुंच जाने का अनुमान शायद न रहा हो। वह कहते हैं कि अशोक गहलोत की राजस्थान के मुख्यमंत्री पद से सम्मानजनक विदाई के लिए इस तरह से राजनीतिक प्रयास हुए थे। लेकिन गाड़ी फंस गई है। वह कहते हैं कि डेढ़ साल पहले भी जयपुर से दिल्ली तक काफी कुछ हुआ था। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष के विश्वास के सहारे अशोक गहलोत ने बाजी मार ली थी । कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी ने समय रहते युवा सचिन पायलट को विधानसभा चुनाव 2018 का बोझ लाद दिया था। भरोसा भी दिया था कि सब ठीक रहा तो राजस्थान की कमान उनके हाथ में रहेगी। लेकिन राजनीति की पिच पर गुगली फेंकने में माहिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव के ऐन वक्त पर फिरकी फेंककर सचिन पायलट के सपने पर पानी फेर दिया था। दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में बैठकर अशोक गहलोत ने प्रत्याशियों के चयन से लेकर राजनीतिक पैंतरेबाजी में खेल कर दिया था। नतीजतन जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर से लेकर दिल्ली तक की मीडिया ने सचिन पायलट के मुकाबले अशोक गहलोत के गुण गाने शुरू कर दिए थे। करीब चार साल पहले अशोक गहलोत के करीबी वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास के साथ जयपुर से दिल्ली लौटते समय ही इसकी झलक देखने को मिल गई थी। जयपुर में राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाने वाले चंद्रराज सिंघवी ने चुनाव से पहले ही राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री की घोषणा कर दी थी। चंद्रराज सिंघवी ने अमर उजाला संवाददाता को भी बताया था कि अशोक गहलोत की बिछाई चौसर का पायलट के पास कोई तोड़ नहीं है। गहलोत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। और निर्दलीय तथा बसपा से समर्थक प्रत्याशियों को खड़ा करके अपना रास्ता आसान कर लिया है। मिर्धा परिवार के करीबी राजनीतिक रणनीतिकार का कहना था कि चुनाव का नतीजा आने के बाद कांग्रेस हाई कमान के पास गुंजाइश कम रहेगी। उसी दौरान झुंझनू के एक वरिष्ठ विधायक ने राजेन्द्र व्यास से कहा था कि उन्होंने सोनिया गांधी और उनके परिवार के साथ अशोक गहलोत की नजदीकी को बहुत करीब से देखा है। इसलिए 7 दिसंबर 2018 की शाम तक नतीजे आ जाने का इंतजार कीजिए। चंद्रराज सिंघवी की भी गणना थी कि भाजपा बहुत घाटे में नहीं रहेगी। कांग्रेस पार्टी बहुत फायदे में नहीं रहेगी और सरकार कांग्रेस की बनेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही होंगे। ऐसा न हुआ तो मध्यावधि चुनाव या फिर भाजपा की सरकार बनेगी ।

**-अजय दीक्षित-**

## हमर छत्तीसगढ़



तुषार शर्मा
नादान
राजिम
छत्तीसगढ़

हम तो हरन छत्तीसगढ़िया,
नइहे कोनो इहाँ कोढ़िया।
जाँगर टोर कमाथन सब झन,
तभे कहाथन सबले बढ़िया।।
खुद रहि जाथन लाँघन भूखन,
थोरिक पसियो ला पी लेथन।
सगा हमर बर देव बरोबर,
भर के थाली ओला देथन।।
लोक खेल हावय मनभावन,
गिल्ली डंडा, भौंरा, बाँटी।
दीदी बहिनी खेलँय फुगड़ी,
सुग्घर बाजय पइरी साँटी।।
सुआ ददरिया करमा पंथी,
नाचा गम्मत पँडवानी हे।
केसकाल के घाटी गहरा,
महानदी के मिठ पानी हे।।
बेटा वीर नारायण जइसन,
कौसिल्या बेटी जस हावय।
घासी बाबा गहिरा गुरु के,
अमरित बानी पुन बरसावय।।
बरी बिजउरी चाँउर पापड़,
तेंदू पाना हर्रा मउँहा।
लाने सुखोवय छानी ऊपर,
मनखे भर के पर्रा झउँहा।
राम जिहाँ बनवास बिताइस,
जग मा एकर नाम अमरे है।
हरियर भुइयाँ धान कटोरा,
सरग बरोबर राज्य हमर हे।।


## दिल के जानिब



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

राब्ता हो न हो मगर, रहो दिल के ज़ानिब।
बना लो छोटा सा बसर, रहो दिल के ज़ानिब।
फिर वही ख़्वाब, वही आरज़ू ,वही हसरत,
हो जाए इश्क का असर, रहो दिल के ज़ानिब।
इश्क की गलियों से, किसको मिली फ़रागत है,
छोड़ के जाओ न डगर, रहो दिल के ज़ानिब।
लाज़िमी है नहीं, नज़रों से भर नज़र देखो,
तसव्वुर में बना के घर रहो दिल के ज़ानिब।
गुज़िश्ता वक्त के फ़लक में, न खो जाए मन,
यादों का हो न यूं क़हर रहो दिल के ज़ानिब।

## खानदान



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

एक घर में देखो कई मकान दिखते हैं
बिखरे हुए से रिश्तों के निशान दिखते हैं
कहने को हर क़दम पर इंसान हैं, मगर
इंसान में भी पर, कहाँ इंसान दिखते हैं?
जिनपे दिल-ओ-जान तक लुटा बैठे हम
वो काफिर हमीं से बद-गुमान दिखते हैं
हर रंग जो न बिक सके वो कैफ़ियत कहाँ
आज-कल बड़े ही सस्ते ईमान दिखते हैं
दौलत-शोहरत ही होना काफ़ी नहीं साहेब
ग़ौर कीजिये, लहज़े में ख़ानदान दिखते हैं

## ख्यालों में



**ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

तुम मिले थे कभी ख्वाबों की अंजुमन में।
मैने संजो लिये वो सारे लम्हें जीवन में।
हर वक्त डूबा रहता हूँ ख्वाबों ख्यालों में,
ढूंढता हूँ तेरा चेहरा,नैनों के दर्पण में।
मेरे हर एक गीत की तुम्हीं तो जीनत हो,
समाये हो तुम रूह में,मेरी धडकन में।
तोडे से अब तोड न पायेगा अहले जहाँ,
बिन डोर के बाँध लिया नेह के बंधन में।

# मीडिया की आधुनिकता और सरकार, समाज की कार्यप्रणाली पर प्रभावी नियंत्रण



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़,

मीडिया की भूमिका किसी समाज के लिए महत्वपूर्ण होती है,क्योंकि यह न केवल सूचना का प्रसार का कार्य करता है बल्कि लोगों को किसी मुद्दे पर अपनी राय कायम करने में सहायक भी होता हैद्य पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा प्रिंट मीडिया में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ग्लैमर और पीत पत्रकारिता में वृद्धि होने के साथ-साथ इसकी लोकप्रियता में अपार वृद्धि हुई है। भारतीय आत्मा के रूप में पहचाने जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,पत्रकार स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी ने 1925 में कर्मवीर के फिर से प्रकाशन के दौरान इसके अग्रलेख के अंतिम वक्तव्य के रूप में लिखा था कि प्रभु करें,इस सेवा में मुझे अपने दोषों का पता रहे और आडंबर अभियान और आकर्षण मुझे पद से भटका ना पाए। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है लोकतंत्र के अन्य तीन स्तंभ है विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका।

विधायिका का कार्य कानून का निर्माण करना है, कार्यपालिका का कार्य उस निर्मित कानून को लागू करना एवं अमल में लाना है एवं न्यायपालिका का कार्य कानून का कड़ाई से पालन करवाना होता है इन तीनों स्तंभों पर निगरानी रख लोकतांत्रिक भावनाओं की रक्षा की जिम्मेदारी मीडिया पर होती है। वैसे तो मीडिया का प्रमुख कार्य लोकमत का निर्माण, सूचनाओं का प्रसार, भ्रष्टाचार और घोटालों का पर्दाफाश तथा समाज की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करना ही है। मीडिया की शक्ति का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई बार यह जनमत का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जनमत के निर्माण के बाद जनक्रांति ही नहीं बल्कि अन्य प्रकार का परिवर्तन समाज में संभव है। मीडिया के प्रभाव से ही कई देशों की सरकार गिरी तथा नई सरकारों का नव निर्माण हुआ है। बिहार में चारा घोटाला, आंध्र प्रदेश में डाक टिकट घोटाला, 2त्र स्पेक्ट्रम घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला, कोयला घोटाला,मैच फिक्सिंग आदि इत्यादि अनेक प्रकार के घोटालों का पर्दाफाश में मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यूरोप के मशहूर पत्रकार जिम मॉरिसन ने कहा ÷जनसंचार माध्यम पर नियंत्रण करना बुद्धि पर नियंत्रण करना ही है÷मीडिया अथवा माध्यम का महत्व आज ही नहीं आदिकाल से चला आता रहा है,इतिहास गवाह है कि नेपोलियन बोना पार्ट जैसा योद्धा भी मीडिया से बच के रहना चाहता था क्योंकि उन्होंने कहा था÷ मैं लाखों संगीनों की अपेक्षा तीन विरोधी समाचार पत्रों से अधिक डरता हूं÷ किसी व्यक्ति समाज अथवा राष्ट्र की छवि बनाने अथवा बिगाड़ने में मीडिया अथवा माध्यम का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसीलिए सरकार है आजकल मीडिया मैनेजमेंट की तरफ बहुत ज्यादा ध्यान देकर इसमे बड़ी धनराशि खर्च करती है ताकि उनकी छवि जनता पर अच्छी बनी रहे और उनका वोट बैंक बरकरार रहे।

मीडिया का रोल आधुनिकता लाने में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है। खासकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सिनेमा, इंटरनेट, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और ट्विटर यह ऐसे माध्यम है जो देश के गांव-गांव तक अपना प्रभाव जमा चुके हैं। लोगों के रहन-सहन बोलचाल रंग ढंग सब में टेलीविजन सिनेमा का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलता है। युवा वर्गों के अतिरिक्त बच्चों तथा महिलाओं पर भी उसका जबरदस्त प्रभाव पड़ा है, जो अब स्पष्ट रूप से उनके हाव भाव व्यवहार,रहन-सहन से परिलक्षित होने लगा है। मीडिया इस तरह आधुनिक समाज को पूरी तरह से प्रभावित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया तथा सिनेमा और इंटरनेट भारतीय समाज की संस्कृति को भी काफी हद तक प्रभावित करने में सफल हुए हैं। दूसरी तरफ आजकल धन देकर समाचार प्रकाशित करवाने तथा विज्ञापन देकर अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करने का चलन बहुत बढ़ गया है, फल स्वरुप मीडिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चलने लगने लगे है। यही कारण है कि भारत के अधिकतर बड़े समाचार पत्रों तथा लीडिंग न्यूज़ चैनलों का स्वामित्व किसी न किसी स्थापित उद्यमी घराने के पास है। मीडिया का बहुत ही महत्वपूर्ण व्यवहार तथा उपयोग राष्ट्र एक सूत्र में बांधने का भी होता है, आज समाज में सत्य के परीक्षण के लिए खुली बहस का आमंत्रण भी इनका महत्वपूर्ण कार्य है। पर आज अधिकांश मीडिया ग्रुप को जनहित एवं देश हित अलावा अपने उद्यमों की हित की चिंता रहती है। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया को चलाने के लिए अत्यधिक धन तथा बल की आवश्यकता होती है जिसको मैनेज करना आसान नहीं होता है, इसीलिए यह अपने हितों को प्राथमिकता देते हैं, मीडिया पर सरकार तथा विज्ञापन दाताओं का प्रभाव भी समाचार पत्र में टेलीविजन प्रसारण में देखा जा सकता है, समाचार पत्र अपने विज्ञापन दाताओं के विरुद्ध कुछ भी छापने से बचते हैं। ईस प्रकार की पत्रकारिता मीडिया के लिए हानिकारक भी हो सकती है, पर यह मीडिया ग्रुप की व्यावसायिक मजबूरी भी होती है, दूसरी तरफ मीडिया के माध्यम से लोगों को देश की हर गतिविधियों की जानकारी मिलती है,साथ ही साथ उनका मनोरंजन भी होता है।किसी भी देश में जनता का मार्गदर्शन करने के लिए निष्पक्ष एवं निर्भीक मीडिया का होना आवश्यक है। मीडिया ही देश की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक,सांस्कृतिक गतिविधियों की सच्ची तस्वीर जनता के सामने प्रस्तुत करता है।

## नया गीत लिखने की रात आई है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
**धमतरी**
छत्तीसगढ़

सुरभित फिज़ा है बहार आने को
कोयल तैयार नव सुर सजाने को
नया सुर सजाने के बात आई है
नया गीत लिखने की रात आई है
नया सुर संवारे आज मिल के
गीले शिकवे मिटा दे दिल के
नये रिश्ते बनाने की रात आई है
नया गीत लिखने की रात आई है
कमियों को दूर करे आज सब
फूल खिलेगा नव जीवन मे तब
नई गुल खिलाने की रात आई है
नया गीत लिखने की रात आई है
बहक जाये गुल खिलते प्रसून से
महक जाये जीवन नवीन धुन से
महकने महकाने की रात आई है
नया गीत लिखने की रात आई है
सांवरे जीवन भी अच्छे करम से
जीवन चले ईमान और धरम से
जग सेवा करने की बात आई है
नया गीत लिखने की रात आई है

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# समय पर नहीं मिला शव वाहन

## रात्रि में बेटे को ऑटो में ले जाना पड़ा घर पिता का शव

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

. मेडिकल कॉलज अस्पताल अंबिकापुर में एक व्यक्ति की मौत के 5 घंटे बाद भी उसके परिजनों को शव वाहन नहीं मिला। मजबूरन मृतक के बेटे को ऑटो में लाद कर पिता का शव घर तक ले जाना पड़ा। यह तस्वीर जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है। शव वाहन 1099 पर कॉल करने के बाद भी परिजन को समय पर मुक्तांजलि नहीं मिली। शहर से लगे सरगवां निवासी 50 वर्षीय दुर्योधन सिंह की तबियत खराब होने पर परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल



अंबिकापुर में तीन दिन पूर्व भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान सोमवार की रात लगभग 11 बजे मौत हो गई। इसके बाद मृतक के पुत्र अनुराग ने पिता का शव घर तक ले जाने के लिए मुक्तांजलि 1099 पर कॉल किया। कॉल सेंटर से शव वाहन भेजने का आश्वासन तो दिया गया पर पांच घंटे बाद भी शव वाहन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नहीं पहुंचा। इधर परिजन शव को घर ले जाने के लिए काफी परेशान रहे। इस दौरान मृतक के परिजन ने कई बार मुक्तांजलि 1099 पर कॉल किया पर शव वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। अंत में निराश होकर मृतक के पुत्र को मंगलवार की अलसुबह करीब 4 बजे ऑटो में लाद कर शव घर तक ले जाने को विवश होना पड़ा। वह स्वास्थ्य व्यवस्था को कोसता रहा।



# ग्राम पंचायत बांसा झाल के ग्रामीणों ने सरपंच व सचिव पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,11 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

.जनपद पंचायत बतौलीके ग्राम पंचायत बांसा झाल के ग्रामीणों ने मंगलवार को अंबिकापुर स्थित कलेक्टोरेट पहुंच कर कलेक्टर से सरपंच व सचिव के खिलाफ शासकीय राशि गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष-2019-20 से 2022 तक ग्राम-पंचायत विभिन्न निर्माण कार्यो के की स्वीकृति मिली थी। ग्राम पंचायत बांसा झाल के तात्कालीक सरपंच किलमोन तिर्की एवं सचिव लक्ष्मण राम लकड़ा के आपसी मिली भगत से ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्य के नाम पर फर्जी पस्ताव बनाकर बिना पंचों की सहमति से गुपचुप तरीके से कार्य को स्वीकृत कराकर लगभग 63 लाख रुपए गबन कर लिया गया है। इस सबंध में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधी पंच एवं उपसरपंच तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कई बार आपत्ती जताई गई एवं उक्त कार्यो की समीक्षा करते हुए जानकारी मांगी गई पर सरपंच एवं सचिव द्वारा टाल-मटोल करते आज तक जानकारी नहीं दी गई। परेशान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्टर के जनदर्शन में समस्या सामने रखा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान मुख्य रूप से अथनस टोप्पो, कृपा शंकर, रफैल तर्की, छतर साय, रीता, गंगा प्रसाद, कामिनी, मनकावरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# धूमधाम से मना शरद पूर्णिमा उत्सव

## पलाश के भजनों पर झूम कर नाचे श्रद्धालु

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शरद पूर्णिमा भजन संध्या समिति द्वारा स्थानीय राम मंदिर स्थित भजनाश्रम में शरदोत्सव, शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया जहां रायपुर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक पलाश शर्मा के भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया जहां देर रात तक चांद की बिखरती रोशनी के तले श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का आनंद लिया एवं अमृत प्रसादी ग्रहण कर सभी को शरद पूर्णिमा की बधाई दी।



कार्यक्रम की शुरुआत श्री कृष्ण के भजनों से करते हुए पलाश शर्मा ने बाबा श्याम सहित रामदेवरा के बाबा रामदेव के भजनों की भी अद्भुत प्रस्तुति दी इसके साथ ही गरबा एवं महारास का भी रसिक श्रोताओं ने आनंद लिया। इस दौरान अग्रवाल समाज सहित ओसवाल जैन समाज के भक्तों ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्टीय अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा शाल और श्रीफल से पलाश शर्मा एवं साथी गायक सौरभ का सम्मान किया गया। वहीं उपस्थित सुधिजनों द्वारा आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर ऐसा आयोजन कराते रहने का आग्रह किया गया। वही सुप्रसिद्ध भजन गायक पलाश शर्मा ने भी अंबिकापुर के सुधि श्रोताओं के बीच दोबारा उपस्थित होकर भजन पुष्प वर्षा की इच्छा जताई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में शरद पूर्णिमा भजन संध्या समिति से संभागीय ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अतुल सिंह, प्रहलाद गोयल, रामविलास अग्रवाल, हरिकिशन शर्मा, दिनेश शर्मा, शैलेश शर्मा, प्रिया टेंट हाउस, प्रेमलता गोयल, श्रीमती कौशल अंजनी अग्रवाल,वेदप्रकाश शर्मा (बेदी),मनोज सिंह,अनुज शर्मा, सौरभ शर्मा का विशेष योगदान रहा। साथ ही आयोजन समिति ने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं राम मंदिर के व्यवस्थापक प्रणव मुनि का कार्यक्रम हेतु स्थान प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया



# सर्पदंश से बालिका की मौत

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

. सर्पदंश से एक बालिका की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। 5 दिन पूर्व बाड़ी में घास काटने के दौरान उसे सांप डस लिया था। जानकारी के अनुसार सिमन नगेशिया पिता रिठू नगेशिया उम्र 11 वर्ष उपरकण्डा थाना पस्ता की रहने वाली थी। वह 5 अक्टूबर की शाम चार बजे बड़ी बहन किरण के साथ बाड़ी में घास काट रही थी। तभी सांप ने सिमन के दाहिने हाथ में डस लिया। परिजन उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए 10 अक्टूबर को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# ट्राइवल टाइगर की टीम के आत्मघाती गोल से सरगुजा पुलिस 1-0 से जीता मैच



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे सरगुजा फुटबॉल सूपर लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच अदानी फुटबॉल एकाडमी बनाम सरगुजा फॉरेस्ट के बीच खेला गया। जिसमें अदानी फुटबॉल अकादमी की टीम ने एकतरफा मुकाबला में 7-0 गोल से मैच जीता। दूसरा मैच सरगुजा पुलिस बनाम ट्राइवल टाइगर अंबिकापुर के मध्य खेला गया। प्रथाम हाफ में दोनों टीमों ने बेहतर ताल मेल के साथ खेलते हुए ट्राइवल टाइगर के उत्सव बरवा के आत्मघाती गोल करने से पुलिस टीम को एक गोल की बढ़त मिल गई। मैच के दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने एक दूसरे गोल पर अटैक करते रहे पर मैच के अंतिम समय तक सफल नहीं हो सके। इस तरह अंतिम स्कोर सरगुजा पुलिस की टीम ने 1-0 से मैच जीत लिया। बुधवार को दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच फुटबॉल क्लब कर्रा राजपुर बनाम इंदिरानगर वार्ड नंबर 10 अंबिकापुर व दूसरा मैच सूरज क्लब तालपारा बनाम फुटबॉल क्लब कांतिप्रकाशपुर के मध्य खेला जाएगा।

# देवर ने भाभी की डंडा से मारकर की हत्या,आरोपी गिरफ्तार

## शराब सेवन पश्चात जमीन विवाद में आरोपी ने दिया घटना को अंजाम



-संवाददाता-
**उदयपुर ,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

थाना क्षेत्र स्थित ग्राम चकेरी के आश्रित मोहल्ला आमाडुगु में सोमवार की रात को आपसी विवाद में हत्या का मामला प्रकाश में आया हुआ है।

घटना सोमवार की रात 12 से 1 बजे रात की है। आरोपी परमेश्वर सिंह पिता स्व. अमान साय उम्र 28वर्ष ने अपने भाई के साथ मिलकर शराब का सेवन किया शराब सेवन के बाद आरोपी का बड़ा भाई प्रेम सिंह अपने घर चला गया छोटे भाई परमेश्वर द्वारा रात में घर से बाहर निकल कर अपने बड़ा भाई को गाली ग्लौच किया जाने लगा । हल्ला सुनकर प्रेम सिंह अपने पत्नी सुशीला सिंह उम्र लगभग 60 वर्ष के साथ आया । इसी दौरान छोटे भाई परमेश्वर ने बड़े भाई प्रेम सिंह को डंडा से वार किया तो उसकी पत्नी भी बीच बचाव करने जिसपर आरोपी ने डंडे सिर पर जोरदार वार कर दिया वार से महिला का सर फट गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मंगलवार को पुलिस मौके पर पहुंची व मृतका के शव को पीएम हेतु अस्पताल भेजा। मामले में पुलिस हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा जमीन के बंटवारे की बात को लेकर अपने भाई को जान से मारने का प्रयास करना और भाभी की हत्या कारित करना स्वीकार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी धीरेंद्रनाथ दुबे, समरेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, सुनीति राजवाड़े, देव नारायण सिंह, विमल सिंह, अजय शर्मा व अपिकेश्वर दास शामिल रहे।

# शहर के आकाशवाणी चौक पर चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित कराने एवं खस्ताहाल सड़कों के सम्बंध में आजाद सेवा संघ ने किया धरना प्रदर्शन

**» नगर निगम की लापरवाही से तंग आकर आजाद सेवा संघ ने किया धरना प्रदर्शन।**

**» नगर निगम द्वारा ज्ञापन को नजरन्दाज किये जाने पर आजाद सेवा संघ ने किया धरना प्रदर्शन**

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर ,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के द्वारा आज लगातार 5 वर्षों से चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा को लेकर मांग किया जा रहा है जिसको लेकर कई बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया जिस पर प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन ही मिले आज तक उस पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया। आज संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में संघ के सभी सदस्यों द्वारा भारी संख्या में नगर निगम का घेराव किया गया। इसी के साथ अंबिकापुर शहर की खस्ता सड़कों को लेकर संघ ने धरना प्रदर्शन किया। सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है की आए दिन बड़े दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और जब सड़क दुरुस्त करने की मांग की जाती है तो सड़क की मरम्मत नहीं होती है सिर्फ ऊपर मुरूम या मिट्टी डालकर गड्ढे को भर दिया जाता है और वर्षा होने के पश्चात पूरे गड्ढे और भी ज्यादा गहरे हो जाते हैं। जिसको देखते हुए संघ ने इस बार नगर निगम का घेराव कर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। साथ ही दोनों बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस पर आयुक्त द्वारा ज्ञापन स्विकार कर संघ के इन मांगों पर कार्य करने को कहा। संघ ने इसी के साथ कहा की यदि इस बार भी नगर निगम द्वारा कोई कार्य नही हुआ तो संघ द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



इस दौरान संघ के संभागीय अध्यक्ष तरुणेंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष आनंद पटेल छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान अतुल गुप्ता रवि गुप्ता अमन सिंह नजबूल खान अभिनव चतुर्वेदी हर्ष सोनी नितिन भाई पटेल अवनीश पटेल रेखा तिर्की सुमित्रा सिंह सूरज पाती अमन आकाश चौहान अंजन चौहान दीपक यादव प्रेमाशंकर लकड़ा दास अंबिका यादव सुनील गुप्ता राहुल सत्या दास एवं भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे

# कलेक्टर ने जारी किया अनुकम्पा नियुक्ति का आदेश

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर ,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में आवश्यक आदेश जारी किया गया है। जिले के तीन प्रकरणों में अनुकंपा नियुक्ति आदेश हुए हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ भृत्य विक्रम राम का आकस्मिक निधन 8 अप्रैल 2022 को हो गया था। कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के आदेश में चोरका कछार निवासी हेम प्रकाश, जगदीशपुर बहरापारा निवासी बिशनराम आत्मज स्वर्गीय खिनेश्वर राजवाड़े एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के पवन सिंह पोर्ते आत्मज स्व. लूरन सिंह पोर्ते की अनुकंपा नियुक्ति हुई है। अनुकंपा नियुक्ति आदेश में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति तीन वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी। उन्हें परिवीक्षा अवधि के दौरान नियमानुसार स्टायपेण्ड देय होगा। नियुक्त कर्मियों को पहले वर्ष निर्धारित वेतनमान का न्यूनतम 70 प्रतिशत, दूसरे वर्ष न्यूनतम 80 प्रतिशत एवं तीसरे वर्ष न्यूनतम 90 प्रतिशत देय होगा। नियुक्त कर्मियों को पदभार ग्रहण करते समय शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र की छायाप्रति जमा करना होगा साथ ही उन्हें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का चिकित्सा प्रमाण पत्र पदभार ग्रहण करने के 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करना होगा। नियुक्तिकर्ता के अधिकारी द्वारा किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर शासकीय सेवा से पृथक किया जा सकता है। कार्यभार ग्रहण करते समय संबंधित उम्मीदवार को 50 रुपये के न्यायालयीन स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने पर नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जाएगा।

# घायल ग्रामीण की मौत

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर .,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

एक ग्रामीण मंगलवार की अलसुबह 4 बजे सो कर उठा कर घर के बाहर निकला ही था कि तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजनंदन दास पिता भैरा दास उम्र 50 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदकालो का रहने वाला था। वह मंगलवार की अलसुबह करीब 4 बजे सो कर उठा और गुड़ाकू मुह में घिसते हुए घर के बाहर सड़क पर निकाला तभी अचानक तेज रफ्तार से एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सरगुजा पुलिस ने छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराकर

# बचाव की दी जानकारी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर ,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

. सरगुजा पुलिस द्वारा मंगलवार को दशमेश स्कूल के छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक एसएस पैकरा द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को सरगुजा जिले की मुहिम अभिव्यक्ति ऐप, और विशेष अभियान नवा बिहान के संबंध में अवगत कराया गया एवं छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान साइबर क्राइम संबंधी जानकारियों से बच्चों को अवगत कराया गया एवं आज के समय में हो रहे ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया सेक्सटॉर्शन से बचने के उपाय एवं ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते समय समय-समय पर सरगुजा पुलिस द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने और विभिन्न



सावधानिया बरतने हेतु जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र- छात्राओं को छत्तीसगढ़ पुलिस के महिला सुरक्षा संबंधी अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में जानकारियां दी गई एवं छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कर अपने एवं अपने परिजनों को आपातकालीन स्थिति से बचने एवं उसका निदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। आयोजन के दौरान रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, उप निरीक्षक अनीता आयाम यातायात जागरूकता हेतु यातायात से सचित श्रीवास्तव, दशमेश स्कूल की प्राचार्य ममता विश्वकर्मा, साइबर सेल से अनुज जायसवाल नवाबिहान÷ कोऑर्डिनेटर अनिल मिश्रा, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी से विद्या दीदी, सीनियर सोशल वर्कर वंदना दत्ता, गायत्री परिवार से अमृता जायसवाल, सुनिधि शुक्ला एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं दशमेश स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# उत्साह भरे माहौल में प्रतिभागी ले रहे पारंपरिक खेलों में भाग

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर ,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब स्तरीय आयोजन में बच्चे से लेकर बुजुर्ग व महिलाएं भी उत्साह भरे माहौल में भाग ले रहे हैं।



कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में 6 से 11 अक्टूबर तक ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में पारंपरिक खेल को शामिल करने से लोगों मे उत्साह है। बुजुर्गों का कहना है कि इस आयोजन से भावी पीढ़ी में पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि जागृत होगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति से लोगों को जोड़ कर रखने व स्थानीय खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 06 अक्टूबर से 06 जनवरी 2023 तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दलीय एवं एकल श्रेणी में 14 प्रकार के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है, जिसमें 18 वर्ष से कम, 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं। इस खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल जैसे-गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद इत्यादि में महिला, पुरूष प्रतिभागी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता गांव से लेकर राज्य स्तर तक 6 स्तरों पर होगा। जिसकी शुरुआत राजीव युवा मितान क्लब स्तर से हुई है, इसके बाद जोन स्तर, विकासखण्ड, नगरीय स्तर, जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# ट्विटर ने व्हिसलब्लोअर से कंप्यूटर फाइलें, नोटबुक नष्ट करने को कहा : मस्क टीम

**सैन फ्रांसिस्को ,11 अक्टूबर 2022।** ट्विटर के पूर्व सुरक्षा प्रमुख, व्हिसलब्लोअर पीटर जेटको ने कंपनी के प्रबंधकों के इशारे पर 10 नोटबुक जला दीं और 100 कंप्यूटर फाइलें डिलीट कर दीं। एलन मस्क की कानूनी टीम द्वारा अदालत में दायर एक फाइलिंग में इसका खुलासा हुआ है। अमेरिका में डेलावेयर चांसरी कोर्ट में फाइलिंग (जिसे सोमवार को बंद कर दिया गया था) ने खुलासा किया कि ट्विटर ने जेटको को सबूत नष्ट करने के लिए कहा, इससे पहले कि उन्हें कंपनी छोडऩे के लिए कहा जाता उन्हें निपटान के हिस्से के रूप में 7 मिलियन डॉलर से अधिक प्राप्त हुए।

ब्लूमबर्ग ने सबसे पहले इस खबर की रिपोर्ट करते हुए कहा कि हस्तलिखित नोटबुक में %सुरक्षा प्रमुख के रूप में अपने साल भर के कार्यकाल के दौरान कंपनी के समकक्षों के साथ व्हिसलब्लोअर की बैठकों के नोट्स थे।' टेस्ला के सीईओ के वकीलों ने फाइलिंग में कहा, मिस्टर जेटको की चुप्पी को खरीदने का ट्विटर का प्रयास विफल रहा, लेकिन ट्विटर ने मिस्टर



जेटको के पुष्ट साक्ष्य को मिटाने के अपने दूसरे उद्देश्य को हासिल कर लिया। मस्क की कानूनी टीम के नए आरोपों पर ट्विटर ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

डेलावेयर चांसरी कोर्ट में जज कैथलीन मैककॉर्मिक ने ट्विटर-मस्क ट्रायल पर रोक लगा दी है, जो अब 28 अक्टूबर तक के लिए है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण सौदे को कैसे खत्म किया जाए। उन्होंने फैसला सुनाया, यदि समझौता 28 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक नहीं होता है, तो पार्टियों को निर्देश दिया जाता है कि वे नवंबर 2022 के लिए डेट प्राप्त करने के लिए उस शाम मुझे ईमेल से संपर्क करें। स्थगन ट्विटर के वकीलों के विरोध पर दिया गया था।

ट्विटर को मस्क से 54.20 डॉलर प्रति शेयर (या 44 अरब डॉलर) के अपने मूल सौदे के साथ आगे बढऩे के लिए एक पत्र मिला है। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के साथ एक नई फाइलिंग में, मस्क की कानूनी टीम ने अदालत से मुकदमे और अन्य सभी कार्यवाही को स्थगित करने के लिए भी कहा है।

## भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के 2025 तक 13 अरब डॉलर के होने का अनुमान

**नयी दिल्ली ,11 अक्टूबर 2022।** भारत में अंतरिक्ष एवं उपग्रह कंपनियों के शीर्ष उद्योग संघ इंडियन स्पेस एसोसिएशन (इस्पा) ने आज कहा कि वर्ष 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 13 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

इस्पा ने अपने प्रथम स्थापना दिवस पर ईवाई के साथ मिलकर एक रिपोर्ट तैयार किया है जिसके आधार पर यह अनुमान जताया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष इस्पा को लांच किया था। यह रिपोर्ट भारत में अंतरिक्ष पारितंत्र के विकासशील घटकों को सामने लाती है और इसमें भारत में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के परिदृश्य एवं देश में इससे सामाजिक




आर्थिक विकास में तेजी आने की संभावना को कवर किया गया है।

इस्पा के अध्यक्ष जयंत डी पाटिल ने कहा उनके संगठन ने पिछले एक वर्ष में नीति संबंधी परामर्श, उद्योगपतियों के साथ बातचीत में उल्लेखनीय प्रगति की है। हम हमारी परिचर्चा में विभिन्न मंत्रालयों और संस्थानों की ओर से सहयोग और पूरे साल हमारे सदस्यों की भागीदारी की सराहना करते हैं और हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता है कि इस्पा 50 सदस्यों वाला एक मजबूत संगठन है और महज एक वर्ष में यह संख्या सात से बढ़कर 50 पहुंची है। यह हमारे उन प्रयासों का प्रमाण है जिसे सही दिशा में श्रृंखलाबद्ध किया जा रहा है।

## अडाणी समूह को मिला गंगावरम बंदरगाह का बड़ा हिस्सा

**नयी दिल्ली ,11 अक्टूबर 2022।** अरबपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड(एपीएसईजेड) ने बताया कि राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) अहदाबाद और एनसीएलटी हैदराबाद से उसे आंध्र प्रदेश के गंगावरम बंदरगाह लिमिटेड(जीपीएल) की 58.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी मिल गयी है।



कंपनी ने कहा है कि इसके साथ जीपीएल एपीएसईजेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन जाएगी।

एपीएसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक करन अडाणी ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण भारत की सबसे बड़ी परिवहन सुविधा कंपनी के रूप में हमारी स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मुकाम है। इससे हमें पूर्वी और पश्चिमी तट पर बराबरी के साथ काम करने की स्थिति हासिल होगी।

गंगावरम बंदरगाह पर एपीएसईजेड द्वारा विश्व-स्तरीय लॉजिस्टिक्स सुविधाएं किये जाने के साथ आंध्र प्रदेश में उस बंदरगाह से सालाना 25 करोड़ टन तक माल की ढुलाई की जा सकती है। पूर्वी तट पर इस बंदरगाह से कोयला लौह अयस्क, उर्वरक, चुना पत्थर, बॉक्साइट, चीनी, एल्यमिना, इस्पात आदि की ढुलाई होती है और इससे पूर्वी तट से लगे राज्यों और मध्य क्षेत्र के आठ से अधिक राज्यों को सुविधा होती है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान गंगावरम से तीन करोड़ टन माल की ढुलाई हुयी थी जिससे 1,206 करोड़ रुपये की आय और 796 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ हुआ था। वर्तमान में इसकी स्थापित ढुलाई क्षमता 6.4 करोड़ टन है और यह 1800 एकड़ में फैला हुआ है।

जीपीएल शुद्ध रूप से एक कर मुक्त कंपनी है।

## हाइब्रिड ईवी पर टोयोटा की पायलट परियोजना शुरू,पूरी तरह एथेनॉल से चलेगी गाड़ी

**नयी दिल्ली, 11 अक्टूबर 2022।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन पर जापान की वाहन कंपनी टोयोटा की पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। इस पायलट परियोजना के तहत गाड़ी पूरी तरह से वैकल्पिक ईंधन 'एथनॉल' से चल सकती है। परियोजना की शुरूआत करते समय टोयोटा कोरोला एल्टिस एफएफवी-एसएचईवी का अनावरण किया गया, जिसे पायलट परियोजना के लिए टोयोटा ब्राजील से आयात किया गया है।



एफएफवी-एसएचईवी ऐसे मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों को कहते हैं, जो एक से अधिक प्रकार के ईंधन से चलते हैं। इस मौके पर गडकरी ने कहा कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी चिंता हैं और परिवहन क्षेत्र प्रदूषण में योगदान देता है। उन्होंने कहा, ''इसलिए, एथनॉल और मेथनॉल जैसे जैविक ईंधन से भी चलने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।''

इस दौरान गडकरी के अलावा केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, भूपिंदर यादव और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## गेमिंग प्लेटफॉर्म विनजो 10 करोड़ यूजर्स तक पहुंचा

**नई दिल्ली ,11 अक्टूबर 2022।** सोशल गेमिंग प्लेटफॉर्म विनजो ने मंगलवार को कहा कि लॉन्च होने के चार साल के भीतर ही उसके प्लेटफॉर्म पर 10 करोड़ रजिस्टर्ड यूजर्स हो गए हैं। विनजो के टियर 2 से 5 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के 90 प्रतिशत उपयोगकर्ता शामिल हैं, जिनमें से 20 प्रतिशत महिलाएं हैं।




मंच के अनुसार, 25 प्रतिशत उपयोगकर्ता स्थानीय सामाजिक मंच पर अपना पहला डिजिटल भुगतान कर रहे हैं। विनजो के सीईओ और सह-संस्थापक, पवन नंदा ने कहा, हमारा लक्ष्य विनजो को बेहतरीन वैश्विक उपभोक्ता तकनीकी उत्पादों में से एक बनना है जो सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक और सुरक्षित इंटरैक्टिव मनोरंजन अनुभव प्रदान करता है- भारतीय गेमिंग को वर्ल्ड मैप पर रखता है।

उन्होंने कहा कि 5जी के हालिया रोल-आउट के साथ, हम गेमिंग में इसके अनुप्रयोग के बारे में उत्साहित हैं जो अगले कुछ वर्षों में भारतीय गेमिंग को 10 अरब डॉलर का उद्योग बनने की अनुमति देगा। यह प्लेटफॉर्म 12 भाषाओं में उपलब्ध है, जिसमें %भारत' के मोबाइल-फर्स्ट यूजर्स पर विशेष ध्यान दिया गया है।

विनजो के पास 70,000 से अधिक क्षेत्रीय इनफ्लूएंर्स और दूर-दराज के कस्बों और शहरों के कंटेंट क्रिएटर्स का आधार है। इसके ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी हैं।

विनजो ने कहा कि उसने एक तकनीकी मंच बनाया है जो कॉलेज के छात्रों और भाषा विशेषज्ञों को देश के किसी भी हिस्से से स्थानीयकरण सेवाएं प्रदान कर प्रति माह 20,000 रुपये तक कमाने में मदद करता है। यह छह प्रारूपों में 100 से अधिक गेम प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप उपयोगकर्ताओं द्वारा प्लेटफॉर्म पर औसत समय 55 मिनट बिताया जाता है। इस साल की शुरुआत में, विनजो ने 2.6 करोड़ डॉलर के कोष के साथ %गेम डेवलपर्स फंड' की घोषणा की थी।



## ऑयल इंडिया लिमिटेड से लाभांश के रूप में सरकार को मिले 307 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ,11 अक्टूबर 2022।** सरकार को ऑयल इंडिया लिमिटेड और एमएसटीसी से क्रमश- 307 करोड़ रुपये और 20 करोड़ रुपये लाभांश के रूप में प्राप्त हुए हैं। यह निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा ट्वीट किया गया।

पिछले हफ्ते सरकार को आईआरसीटीसी और भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड से लाभांश के रूप में क्रमश- 81 करोड़ रुपये और 31 करोड़ रुपये मिले थे। पिछले सप्ताह इसे लाभांश किश्तों के रूप में सेल, हुडको और आईआरईएल से क्रमश- 604 करोड़ रुपये, 450 करोड़ रुपये और 37 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे।

# केराटिन हेयर ट्रीटमेंट क्या है? जानिए इसके फायदे और नुकसान

केराटिन हेयर ट्रीटमेंट एक सेमी-परमानेंट हेयर स्ट्रेटनिंग ट्रीटमेंट है। यह रासायनिक प्रक्रिया केराटिन (बालों में पाया जाने वाला एक रेशेदार प्रोटीन) की कमी को पूरा करके बालों को मुलायम और चमकदार बना सकती है। आमतौर पर हेयर स्ट्रेटनिंग ट्रीटमेंट बालों में प्रोटीन बॉन्ड को तोड़ते हैं, लेकिन केराटिन हेयर ट्रीटमेंट बॉन्ड्स को तोड़े बिना बालों को सीधा कर सकता है। आइए जानें कि यह ट्रीटमेंट कितना सुरक्षित है और यह किन बालों पर करवाना सही है।

क्या केराटिन हेयर ट्रीटमेंट सुरक्षित है?

केराटिन हेयर ट्रीटमेंट सुरक्षित है, लेकिन यह तब नुकसान पहुंचा सकता है जब ट्रीटमेंट के दौरान आपके बालों पर अधिक ब्लो ड्रायर या फ्लैट आयरन का इस्तेमाल किया जाए। हालांकि, अगर आप किसी भी नुकसान से बचना चाहते हैं तो इस ट्रीटमेंट के लिए एक अनुभवी हेयर स्टाइलिस्ट को ही चुनें। केराटिन हेयर ट्रीटमेंट आपके बालों की कई समस्याओं को हल कर सकता है, लेकिन इसके लिए आपको कुछ दिशानिर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है।

केराटिन हेयर ट्रीटमेंट की तैयारी कैसे करें?

इस ट्रीटमेंट से जुड़ी रिसर्च करें और केराटिन ट्रीटमेंट के लिए जाने से पहले ध्यान दें कि यह आपके बालों के प्रकार, बनावट और लंबाई के लिए उपयुक्त हो। ट्रीटमेंट से एक हफ्ते पहले अपने बालों को डीप कंडीशन करें। यह आपके स्कैल्प को मॉइश्चराइज करेगा और ट्रीटमेंट के दौरान होने वाले नुकसान से बचाएगा। ट्रीटमेंट से दो दिन पहले हैवी शैंपू या तेल का इस्तेमाल करने से बचें। ट्रीटमेंट से पहले अपने हेयर स्टाइलिस्ट इससे जुड़े सवाल-जवाब करें।



केराटिन हेयर ट्रीटमेंट कैसे किया जाता है?

आपके बालों के प्रकार, लंबाई, बनावट और मोटाई के आधार पर केराटिन हेयर ट्रीटमेंट करवाने में एक-दो घंटे का समय लग सकता है। यह ट्रीटमेंट शुरू करने से पहले हेयर स्टाइलिस्ट स्कैल्प से गंदगी हटाने के लिए सिर को क्लींजर से साफ करता है। इसके बाद वह बालों के सेक्शन करके इन पर केराटिन का घोल लगाता है और एक घंटे के बाद सिर को पानी से साफ करता है। फिर बालों पर हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल होता है।

केराटिन हेयर ट्रीटमेंट के फायदे

घुंघराले बालों वाले लोगों के लिए केराटिन हेयर ट्रीटमेंट बहुत अच्छा काम करता है। यह ट्रीटमेंट रूखे और बेजान बालों को ठीक कर सकता है। यह वॉल्यूमाइज्ड लुक बनाए रखने में भी कारगर है। इससे स्कैल्प में जलन या बालों के झड़ने जैसी कोई समस्या नहीं होती है। यह बालों का उलझाव कम करता है। इससे बाल चमकदार और मुलायम होते हैं। यह आपके बालों को मजबूत करता है। इसकी मदद से हेयर स्टाइलिंग आसान हो जाती है।

केराटिन हेयर ट्रीटमेंट के नुकसान

इस ट्रीटमेंट के दौरान हीट स्टाइलिंग टूल्स का अधिक इस्तेमाल होता है तो इससे आपके बालों के क्यूटिकल्स को नुकसान पहुंच सकता है। कुछ केराटिन ट्रीटमेंट फॉर्मलाडेहाइड मुक्त होने का दावा करते हैं, लेकिन यह सच नहीं हो सकता है। इसलिए इसका पता लगाने के लिए किसी विशेषज्ञ की राय लें कि आपके बालों के प्रकार के लिए फॉर्मलाडेहाइड कितना सुरक्षित है। गर्भवती महिलाएं यह ट्रीटमेंट लेने से बचें क्योंकि इससे उन्हें काफी नुकसान पहुंच सकता है।

# पानी के अलावा सुबह-सुबह इन चीजों का भी करें सेवन,मिलेंगे कई स्वास्थ्यवर्धक फायदे

आप अपने दिन की शुरुआत कैसे करते हैं, यह आपके स्वास्थ्य और उर्जा के स्तर को प्रभावित करता है, इसलिए सुबह उठते ही सबसे पहले क्या पीना चाहिए, ये जानना बेहद जरूरी है। अभी आप सबके दिमाग में एकमात्र पानी का ख्याल आ रहा होगा, लेकिन आज हम आपको अन्य कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताएंगे जिनका सुबह सेवन करने से स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ता है।



पानी के साथ सेब का सिरका

सेब का सिरका कई लाभों से भरपूर है और स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा होता है। आधे ग्लास पानी में एक बड़ी चम्मच सेब का सिरका मिलाकर सुबह उठने के बाद पी लें। ये कई हानिकारक बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है और ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में सहायक है। इसके अलावा ये हृदय को भी बेहतर रखता है। ऐसे लोग जो अपना वजन घटाना और मोटापा कम करना चाहते हैं, वो इसका सेवन जरूर करें।

**ग्रीन टी**

एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा ज्यादा होने के कारण ग्रीन टी शरीर को कई बीमारियों से बचाती है और वजन घटाने में मदद करती है। सुबह-सुबह ग्रीन टी पीने से कई अन्य फायदे मिलते हैं। ये मेटाबॉलिज्म को बढ़ाती है और मोटापे को खत्म करती है। यह दिमाग को तेज करने में सहायक है और इसमें कैंसर से बचाव के गुण हैं। ग्रीन टी हृदय रोगों के जोखिम को भी कम करती है।

**ब्लैक कॉफी**

ब्लैक कॉफी में ऐसे कई स्वास्थ्यजनक पदार्थ शामिल हैं जो आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में काफी फायदेमंद है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के साथ-साथ हाइड्रेटिंग में भी बहुत मददगार होती है। इसमें बहुत कम फैट होता है, लेकिन इसके सेवन से कोर्टिसोल नामक हार्मोन को बढ़ावा मिलता है। यह शुगर लेवल के स्तर को नियंत्रित करने और याद्दाश्त को मजबूत करने जैसी प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को भी प्रभावित करती है।

एलोवेरा का जूस

एलोवेरा सबसे अच्छी प्राकृतिक चीजों में से एक है। एलोवेरा जूस में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण से आपको अनगिनत फायदे मिलेंगे। ये गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सूजन को कम करने में मदद करता है और इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम, जो आंतों का रोग है, से पीड़ित लोगों के लिए यह काफी फायदेमंद है। इसके अलावा ये त्वचा की समस्याओं को ठीक करने और पेट को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।


टमाटर का जूस

अगर आप अपने दिन की शुरुआत टमाटर के जूस से करते हैं तो इससे न केवल आपके शरीर बल्कि त्वचा को भी काफी फायदा मिलेगा। टमाटर के जूस को पीने से शरीर को हाइड्रेट करने में मदद मिलती है, जिससे आपकी त्वचा खिल जाती है। इससे शरीर को एसिडिटी से लड़ने में मदद मिलती है और इसमें मौजूद पोषक तत्वों के कारण आप दिनभर एक्टिव महसूस करते हैं।

सेहत की बातः

# बदल रहे इस मौसम में होने वाली कई बीमारियों से बचाएगी ये घरेलू औषधि,रोजाना सेवन की बनाएं आदत

उत्तरी भारत के ज्यादातर हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश के कारण मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। तापमान में तेजी से आई गिरावट के कारण ज्यादातर राज्यों में ठंड दस्तक दे चुकी है। एक हफ्ते से लगातार हो रही बारिश ने गर्मी से तो राहत दिला दी है पर इसके कारण कई प्रकार की बीमारियों का खतरा जरूर बढ़ गया है। डॉक्टर्स कहते हैं, मौसम में आया यह बदलाव आपमें सर्दी-जुकाम और बुखार जैसे वायरल संक्रमण का कारण बन सकता है, जिसको लेकर सभी उम्र के लोगों को अलर्ट रहने की आश्यकता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतते रहने की जरूरत है जिससे शरीर को स्वस्थ रखा जा सके।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसमी बीमारियों और संक्रमण से बचाव के लिए हम सभी के घरों में कई ऐसी कारगर औषधियां मौजूद होती हैं जिन्हें आयुर्वेद के साथ-साथ मेडिकल साइंस ने भी काफी प्रभावी पाया है। इस मौसम में सभी लोगों को तुलसी की पत्तियों का सेवन जरूर सुनिश्चित करना चाहिए। यह आपको मौसमी संक्रमण के कारण होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने के साथ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में भी काफी सहायक मानी जाती है।

तुलसी की पत्तियों को कई क्रोनिक स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार के लिए भी प्रयोग में लाया जाता रहा है। आइए जानते हैं कि तुलसी शरीर के लिए कितनी प्रभावी हो सकती है और इसके क्या लाभ हैं?

मौसमी बीमारियों के खतरे से रहेंगे सुरक्षित

मौसम बदलने के साथ होने वाले इंफ्लूएंजा संक्रमण के जोखिम को कम करने में तुलसी की पत्तियों को काफी कारगर पाया गया है। तुलसी एंटीवायरल, एंटिफंगल, एंटी-इंफ्लामेटरी और एनाल्जेसिक (एक दर्द निवारक) के रूप में जानी जाती है जो शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के साथ सर्दी-खांसी और शरीर में दर्द की समस्या से बचाने में काफी कारगर हो सकती है। चाय में तुलसी की पत्तियों को डालकर इसका सेवन करना शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर रखने के साथ संक्रमण के खतरे से आपको सुरक्षित रखने में मददगार हो सकती है।

डायबिटीज में तुलसी की पत्तियों के लाभ

अगर आपको प्री-डायबिटीज या टाइप-2 डायबिटीज है, तो तुलसी की पत्तियों का सेवन ब्लड शुगर को कम करने में मदद कर सकता है। पशुओं और इंसानों पर किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि तुलसी की पत्तियां मधुमेह के लक्षणों को कम करने में भी सहायक हो सकती हैं।

अध्ययन में तुलसी का अर्क देकर चूहों में 30 दिनों के भीतर ब्लड शुगर के स्तर में 26.4 प्रतिशत की कमी देखी गई। तुलसी के पत्तों का चूर्ण भी डायबिटीज के प्रबंधन में मददगार पाया गया है।

कोलेस्ट्रॉल रहता है कंट्रोल

डायबिटीज के साथ कोलेस्ट्रॉल की समस्याओं के जोखिम को भी कम करने में तुलसी की पत्तियों का सेवन करना लाभकारी पाया गया है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि तुलसी, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने के साथ वजन घटाने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मददगार हो सकती है।

एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि तुलसी के ताजे पत्तों का सेवन बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल-कोलेस्ट्रॉल) को कम करने और गुड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल-कोलेस्ट्रॉल) के स्तर को बढ़ाने में सहायक है। तुलसी के पत्तों का चूर्ण खाने के बाद मधुमेह के साथ और चूहों में किडनी, लिवर और हृदय स्वास्थ्य में भी सुधार देखा गया।

चिंता-तनाव के कम करने में लाभकारी

तुलसी के पौधे के ज्यादातर हिस्सों को एडाप्टोजेन के रूप में प्रभावी पाया गया है। एडाप्टोजेन एक प्राकृतिक पदार्थ है जो तनाव-चिंता जैसी भावनाओं को कम करने के साथ मानसिक संतुलन को बढ़ावा देता है।

वैज्ञानिक शोध से पता चलता है कि तुलसी में पाए जाने वाले औषधीय गुण दिमाग को स्वस्थ रखने और मानसिक स्वास्थ्य विकारों के जोखिम को कम करने में आपके लिए सहायक हो सकते हैं। तुलसी की पत्तियों का सेवन शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत में लाभकारी पाया गया है।

CMYK

# यूक्रेन पर रूस के मिसाइल हमलों की जयशंकर ने की निंदा,भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों पर कही ये बड़ी बात

**सिडनी , 11 अक्टूबर 2022।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने आस्ट्रेलिया दौरे के दौरान यूक्रेन पर रूस द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की निंदा की है। रूस की इस कार्रवाई पर चिंता जाहिर करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष किसी के हितों की पूर्ति नहीं करता है। बुनियादी ढांचे को लक्ष्य करके हमला करना और नागरिकों की मौत का कारण बनना दुनिया के किसी भी हिस्से में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ऐसी शत्रुता के खिलाफ है क्योंकि इसका दुनिया भर में हर किसी पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय विदेश मंत्री की यह टिप्पणी मॉस्को द्वारा द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव सहित कई अन्य शहरों पर मिसाइल हमले के एक दिन बाद आई है। विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने के लिए कूटनीति के रास्ते पर लौटने की आवश्यकता दोहराते हुए कहा कि ये संघर्ष किसी की मदद नहीं कर रहा है।



विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में बोलते हुए कोरोना, जलवायु परिवर्तन जैसी प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि हम इस समय 3सी चुनौतियों कोविड, संघर्ष और जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे हैं। भारत संघर्ष के हल के लिए कूटनीति और बातचीत के रास्ते पर लौटने की जरूरत में विश्वास करता हैं। रूस और यूक्रेन के बीच का संघर्ष किसी की मदद नहीं कर रहा है।

लोवी इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में लेबर सरकार के सत्ता में आने के बाद मैं ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का छठा मंत्री हूं। भारतीय मंत्रियों का लगातार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना दोनों देशों के रिश्ते की गंभीरता के बारे में बताता है।

उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव और व्यापक हितों के कारण दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए क्योंकि हमने पूर्व की ओर देखना शुरू कर दिया है। यह बड़े भू-राजनीतिक परिवर्तनों का परिणाम है। एक-दूसरे की रणनीति और चुनौती के लिए हमारी रुचि और प्रासंगिकता को देखते हुए मुझे विश्वास है कि यह संबंध और भी मजबूत होगा।



# ग्वाटेमाला ने जूलिया तूफान को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया

**ग्वाटेमाला सिटी ,11 अक्टूबर 2022।** ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति एलेजांद्रो जियामाटेई ने उष्णकटिबंधीय तूफान %जूलिया' से हुई क्षति के मद्देनजर इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया है। जियामाटेई ने सोशल मीडिया पर कहा कि कैबिनेट की बैठक के दौरान लिए गए निर्णय को अनुमोदन के लिए कांग्रेस को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, जूलिया के कारण मध्य अमेरिका और ग्वाटेमाला में बहुत अधिक नुकसान हुआ है। भारी से बहुत बारिश के आसार हैं और पहले से ही बाढ़ आ हुयी है। लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं। कई पुल प्रभावित हुए हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त हुयी हैं और लोग बिना बिजली के हैं।

उन्होंने कहा कि अगले 48 से 72 घंटों में बाढ़ में बढ़ोतरी होने की प्रबल आशंका है।

# अब चीन ने खुलकर जताई डॉलर की जगह युवान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने की इच्छा

**बीजिंग , 11 अक्टूबर 2022।** चीन अब तक जो काम गुपचुप कर रहा था, अब उसने उसे खुलेआम करने की रणनीति घोषित कर दी है। चीन डॉलर की जगह अपनी मुद्रा युवान को अंतरराष्ट्रीय कारोबार की मुद्रा बनाना चाहता है, ये चर्चा काफी समय से रही है। लेकिन अब तक इस बारे में चीन की कोई घोषित नीति सामने नहीं थी। लेकिन अब चीन के सेंट्रल बैंक- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने विदेशी निवेशकों के लिए युवान में वित्तीय संपत्तियां खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाने की नीति घोषित की है। साथ ही उसने आसियान के सदस्य दस दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ स्थानीय मुद्रा में करेंसी सेटलमेंट करने का फैसला किया है।

इन निर्णयों की जानकारी पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीओबीसी) ने एक लेख में दी है। इसमें इस बात का जिक्र है कि युवान के ग्लोबलाइजेशन की प्रक्रिया की धीरे-धीरे आगे बढ़ी है। इसका कारण विश्व अर्थव्यवस्था में चीन का बढ़ा महत्त्व है। उधर चीन के सरकार समर्थक अखबार ग्लोबल टाइम्स से बातचीत में चीनी विशेषज्ञों ने कहा है कि युवान को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने की प्रक्रिया का सीधा संबंध दुनिया में अमेरिकी मुद्रा डॉलर का इस्तेमाल घटाने की चल रही कोशिशों से है।



पीओबीसी ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की कोशिश में अब चीन में युवान में मौजूद वित्तीय संपत्तियों को विदेशी निवेशकों के लिए बड़े पैमाने पर खोलने की पहल की है। विदेशी निवेशकों को मांग के मुताबिक युवान प्राप्त हो सकें, इसके लिए उसने बाजार में नकदी की मात्रा बढ़ाने का फैसला किया है। पीओबीसी ने कहा है कि विदेशी निवेशक चीन के पूंजी बाजार में अपना पैसा लगा सकें, इसके लिए संबंधित प्रक्रियाओं को लगातार आसान बनाया जाएगा। साथ ही दूसरे देशों के सेंट्रल बैंक अपने भंडार में अधिक युवान रख सकें, इसकी व्यवस्था भी की जाएगी।

आसियान और चीन के अन्य पड़ोसी देशों के साथ स्थानीय मुद्राओं में सेटलमेंट करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का तरीका भी ढूंढने का इरादा पीओबीसी ने जताया है। बैंक ने अपना अगला लक्ष्य विदेश में युवान की उपलब्धता बढ़ाना रखा है। विश्लेषकों ने कहा है कि पीओबीसी की ताजा पहल दुनिया का ध्यान खींचेगी। अगर चीन अपनी इस मंशा में कामयाब हुआ, तो उसका दूरगामी असर विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। लेकिन इस रास्ते में यह खतरा भी है कि चीन के अब तक नियंत्रित वित्तीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की भरमार हो जाए और उसके बाद चीन सरकार के लिए अर्थव्यवस्था पर अभी की तरह पूरा नियंत्रण रख पाना संभव ना रहे। इसका चीन की अर्थव्यवस्था पर भी दूरगामी प्रभाव हो सकता है। विशेषज्ञों ने इसे चीन के पूंजी बाजार को देश और विदेश व्यापार के मामले में नियंत्रण मुक्त करने की प्रक्रिया माना है। हालांकि कुछ विश्लेषकों ने कहा है कि चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार और खुलेपन की जो नीति अपनाई गई थी, ताजा कदम उसका स्वाभाविक परिणाम है। इस बीच पीओबीसी ने वित्तीय संस्थानों के पास रिजर्व के रूप में विदेशी मुद्रा रखने की तय मात्रा में कटौती भी की है। इसे भी युवान के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में एक कदम माना गया है।

# सिंध प्रांत में 15 साल की हिंदू लड़की का अपहरण, पाकिस्तान में 15 दिन में चौथी ऐसी घटना

**इस्लामाबाद , 11 अक्टूबर 2022।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 15 साल की एक हिंदू लड़की का अपहरण कर लिया गया। यह घटना हैदराबाद कस्बे में हुई। कुछ दिनों पहले ही तीन हिंदू महिलाओं का अपहरण कर उन्हें जबरन इस्लामी धर्म कबूलने पर मजबूर किया गया था।

अपहृत लड़की के परिजनों के अनुसार चंद्रा मेहराज का हैदराबाद के फतेह चौक इलाके से अपहरण किया गया। उस वक्त वह घर लौट रही थी। पुलिस ने शिकायत दर्ज की है, लेकिन लड़की का पता नहीं चला है। इस घटना से साबित होता है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं का दमन लगातार जारी है। इससे पहले 24 सितंबर को 14 साल की मीना मेघवार का नसरपुर इलाके से अपहरण किया गया था। मीरपुर खास में भी एक अन्य लड़की का इसी तरह अपहरण किया गया था।



पाकिस्तान की आबाद में 3.5 फीसदी हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक हैं। इस इस्लामिक देश में उनके साथ क्रूरता, हिंसा व दमन के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। लेकिन, पिछले साल एक संसदीय समिति ने देश में जबरन धर्मांतरण के खिलाफ विधेयक के प्रारूप को खारिज कर दिया।

इसी शहर में रवि कुर्मी नाम के एक हिंदू ने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी राखी का अपहरण कर जबरन इस्लाम धर्म कबूल कराया गया। इसके उलट पुलिस ने दावा किया कि राखी ने इस्लाम धर्म अपना लिया और अहमद चांडियो से मर्जी से शादी की।


पाकिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार की एक श्रृंखला चल रही है। जून माह में करीना कुमारी ने कोर्ट में गवाही देते हुए कहा था कि उसका अपहरण के बाद जबर्दस्ती इस्लाम धर्म कबूल कराने के लिए दबाव डाला गया और एक मुस्लिम व्यक्ति से शादी करा दी गई। इसके पूर्व सतरन ओड, कविता भील और अनीता भील नाम की तीन हिंदू लड़कियों के साथ भी इसी तरह की घटनाएं हुईं।

**शादी से इनकार पर कर दी हत्या**

21 मार्च को पूजा कुमारी नाम की एक हिंदू लड़की की सक्खर में उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसने एक पाकिस्तानी व्यक्ति से शादी से इनकार कर दिया था, इस कारण यह वारदात की गई।

# शी जिनपिंग की हैसियत बढ़ाने का मंच बनेगी सीपीसी की 20वीं कांग्रेस?

**बीजिंग , 11 अक्टूबर 2022।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की 20वीं कांग्रेस (महाधिवेशन) शुरू होने से ठीक पहले यहां राष्ट्रपति शी जिनपिंग की विरासत को प्रचारित करने का अभियान तेज हो गया है। चीन में कम्युनिस्ट विचारधारा के विकास में शी के खास योगदान को शी जिनपिंग थॉट के नाम से जाना जाता है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक वैसे तो इस विचार को प्रसारित करने का काम पिछले कई वर्षों से चल रहा है, लेकिन हाल के हफ्तों में इसमें खासी तेजी देखी गई है। हफ्ते भर चलने वाली 20वीं कांग्रेस की शुरुआत अगले रविवार- 16 अक्तूबर को होगी।



शी जिनपिंग ने कुछ समय पहले पार्टी सदस्यों से अपने 'एतिहासिक उद्देश्यों' पर ध्यान देने और भविष्य के 'महान संघर्षों' के लिए तैयार रहने का आह्वान किया था। पार्टी कांग्रेस से पहले इन दो बिंदुओं पर शी के विचारों को फैलाने की खास मुहिम चलाई गई है। जानकारों के मुताबिक इन दो विचार बिंदुओं का सबसे उल्लेख शी ने सीपीसी की वैचारिक पत्रिका चिउशी में लिखे एक लेख में किया था। तब उन्होंने कहा था कि सीपीसी को वैश्विक समाजवाद का ध्वजवाहक बनना चाहिए। इसके लिए उसे अपनी 'क्रांतिकारी भावना' को मजबूत करना होगा।

हांग कांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक शी के विचारों के प्रचार की खास मुहिम चलाने के पीछे मकसद यह संदेश देना है कि अब पार्टी और देश के अंदर शी की हैसियत सर्वोच्च नेता की है। पर्यवेक्षकों ने इस ओर ध्यान खींचा है कि हाल में शी का तख्ता पलट होने की फैली चर्चा के बाद सीपीसी ने इस प्रचार अभियान में ज्यादा ताकत झोंक दी है। शी के महत्त्व पर जोर डालते हुए सीपीसी के विचारक ही यितिंग ने पार्टी की आधिकारिक पत्रिका स्टडी टाइम्स में छपे एक लेख में कहा है कि सीपीसी को 'विशाल रणनीति' बनानी होगी.

# अब एक नए और ज्यादा खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है यूक्रेन संकट

**मास्को , 11 अक्टूबर 2022।**

यूक्रेन पर सोमवार को रूस के लगभग 75 मिसाइलें दागने के बाद यूक्रेन संकट के एक नए और ज्यादा खतरनाक मुकाम पर पहुंच गया है। इसके यहां से और भड़कने का अंदेशा जताया जा रहा है। मास्को स्थित विश्लेषकों का दावा है कि पश्चिमी देशों और यूक्रेन की गतिविधियों की वजह से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को विशेष सैनिक कार्रवाई में आक्रमण का नया पहलू जोड़ना पड़ा। खास कर यूक्रेन की कथित आतंकवादी कार्रवाइयों के बाद पुतिन यूक्रेन को माकूल जवाब देने के दबाव में थे। मिसाइल हमलों से यूक्रेन में सड़क और रेल यातायात और बिजली जैसे महत्त्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान होने का अनुमान है।



विश्लेषकों ने कहा है कि हाल में यूक्रेन की सेना ने खारकिव, दोनेत्स्क और खेरसोन इलाकों में अच्छी सफलता हासिल की। उन जगहों से रूसी सेना को पीछे हटना पड़ा। इससे पश्चिमी मीडिया में जश्न का माहौल देखा गया। पश्चिमी विशेषज्ञों ने इसे रूस की संभावित हार का संकेत बताया। इसी बीच रूस की मूल भूमि को क्राइमिया से जोड़ने वाले पुल पर विस्फोट की घटना हुई। इसके पहले अगस्त में मास्को में हुई एक आतंकवादी कार्रवाई में उग्र राष्ट्रवादी रूसी विचारक एलेक्जेंडर दुगिन की हत्या हुई थी। इसके लिए भी यूक्रेन को दोषी माना गया था।

क्राइमिया को जोड़ने वाले केर्च ब्रिज पर विस्फोट के कुछ ही घंटों के बाद रूसी जांचकर्ताओं ने इसे आतंकवादी हमला बता दिया। इसके बाद खबर आई कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई है। इस बैठक में पुतिन ने कहा- 'यूक्रेन ने खुद को सबसे गंदे आतंकवादी समूहों में शामिल कर लिया है। यूक्रेन सरकार जिस तरह के अपराधों में शामिल हुई है, उसका जवाब ना देना अब असंभव हो गया है।' इस बैठक की शुरुआत के पहले ही यूक्रेन पर मिसाइल हमलों की खबर आने लगी।

पश्चिमी विशेषज्ञों ने दावा किया है कि 150 मील लंबे केर्च ब्रिज पर विस्फोट यूक्रेन ने कराया, इसके कोई ठोस सबूत नहीं हैं। लेकिन रूसी सूत्रों ने ध्यान दिलाया है कि इस साल गर्मियों में इस ब्रिज के पास यूक्रेन के ड्रोन उड़ान भरते देखे गए थे। विस्फोट के बारे में प्रमुख रूप से दो तरह की चर्चाएं हैं। पहले कहा गया कि विस्फोटकों से भरे ट्रक के जरिए इस घटना को अंजाम दिया गया। फिर ड्रोन से विस्फोट कराने की संभावना पर चर्चा सामने आई।

अमेरिकी टीवी चैनल सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों और वीडियो के आधार पर विस्फोट के कारण के बारे में कोई ठोस निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है। जबकि रूसी जांच कर्ताओं ने कहा है कि ट्रक से विस्फोट हुआ, इसमें कोई शक नहीं है। विस्फोट ट्रक आत्मघाती चालक ने किया या ड्रोन के जरिए उस पर मौजूद विस्फोटकों में धमाका किया गया, इस बारे में जांच की जा रही है।

रूसी विश्लेषकों ने विस्फोट के बाद यूक्रेन में सोशल मीडिया पर जताई गई खुशी का भी जिक्र किया है। उसके अलावा उन्होंने इस तरफ ध्यान खींचा है कि यूक्रेन के मेजर जनरल दिमित्रो मरचेन्को बीते जून में ही कहा था कि केर्च ब्रिज उनका 'नंबर एक' निशाना है।

जानकारों का कहना है कि ये घटना यूक्रेन संकट के सिलसिले में एक अहम मोड़ बन गई है। इसके बाद दूसरे देशों के भी इस लड़ाई में उलझने की आशंका बन गई है।

# चीन जाने वाले भारतीयों को सीधी उड़ान के लिए करना होगा इंतजार

**बीजिंग, 11 अक्टूबर 2022।** कोरोना के कारण बंद हुई भारत और चीन के बीच की सीधी उड़ान सेवाओं के दोबारा शुरू होने की कोई संभावना बनती नहीं दिख रही है। सूत्रों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि ये रोक उस वक्त तक लगी रहेगी जब तक की बीजिंग अपने कोविड नियमों में परिवर्तन नहीं करता है। बता दें कि जिनपिंग सरकार ने अपनी जीरो कोविड पॉलिसी के तहत, चीनी हवाईअड्डों पर आने के बाद अगर किसी भी यात्री का COVID परीक्षण सकारात्मक आता है तो वहां निर्धारित उड़ानों को अचानक रद्द करने की नीति बना रखी है।

**कोरोना के कारण लगा था प्रतिबंध**

गौरतलब है कि साल 2019 के आखिर में वुहान में पहली बार कोरोनावायरस के फैलने और वहां से इसके दुनिया भर में फैलने के बाद से दोनों देशों के बीच उड़ान सेवाओं पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इस प्रतिबंधों के चलते सबसे ज्यादा परेशानी चीन में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों को हो रही है। इसके अलावा चीन में काम करने वाले भारतीयों के परिवार और दोनों देशों के बीच व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी सीधी उड़ान सेवा बाधित होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में चीन ने लगभग तीन सालों बाद वीजा प्रतिबंध हटा लिया था। चीन ने 2020 में नवबंर माह में भारतीयों के लिए वीजा आवेदन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके अलावा भारत आने-जाने वाली उड़ानों पर भी प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगा दिया था।



तीसरे देश के जरिए चीन जा रहे भारतीय

छात्रों और वहां काम करने वाले लोगों ने तीसरे देशों के माध्यम से जा रही उड़ानों से चीन में वापसी की है। हालांकि ये उडानें अत्यधिक महंगी थीं। गौरतलब है कि हाल के हफ्तों में 100 से अधिक भारतीय छात्रों ने कथित तौर पर तीसरे देश के मार्गों से यात्रा करते हुए चीन में वापसी की है। इनमें से ज्यादातर वाया हांगकांग चीन गए हैं।

सूत्रों ने भारतीय यात्रियों को वाया हांगकांग चीन की यात्रा करने की सलाह दी है। हांगकांग की भारत से दैनिक कनेक्टिविटी है। हांगकांग से भारतीय यात्री चीन के अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान भर सकते हैं। ऐसे यात्रियों को चीन में सात दिन तक क्वारंटाइन रहना होगा। इसके अलावा, भारतीय यात्री इस समय श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार के रास्ते चीन की यात्रा कर रहे हैं।

16 अक्टूबर से यहां सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस के शुरू होने के बाद भी चीन को अपनी शून्य ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ नीति में बदलाव की उम्मीद नहीं है। सूत्रों ने कहा कि भारत और चीन सीमित उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए कई महीनों से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन बीजिंग द्वारा COVID यात्रियों से संबंधित उड़ान रद्द करने के नियम पर जोर देने के कारण बातचीत सामान्य रूप से नहीं हो पा रही है।

**12 हजार भारतीय विद्यार्थियों ने जताई चीन लौटने की इच्छा**

अप्रैल में भारत और चीन में विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी कराने पर सहमति बनी थी। चीनी दूतावास ने लौटने के इच्छुक भारतीयों का विवरण एकत्र करने को कहा था। चीन में 23 हजार से ज्यादा भारतीय विद्यार्थी थे। इनमें ज्यादातर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे। दिसंबर 2019 में कोरोना के प्रकोप के कारण उन्हें लौटना पड़ा था। अब इनमें से 12 हजार से ज्यादा ने पढ़ाई पूरी करने के लिए फिर चीन जाने की इच्छा जताई थी। इन छात्रों का विवरण भी चीनी दूतावास को उपलब्ध कराया जा रहा है। अभी दोनों देशों के बीच केवल राजनयिकों के लिए विमान सेवा उपलब्ध है।

# पाकिस्तान में ऑडियो लीक कांड से घिरे इमरान का नया दांव,अब कोर्ट में देंगे अर्जी

**इस्लामाबाद , 11 अक्टूबर 2022।** पाकिस्तान में ऑडियो टेप लीक मामले में सरकार की तरफ से घोषित जांच से असंतुष्ट पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस मामले में कोर्ट की पनाह लेने का फैसला किया है। बीते दो हफ्तों में ऐसे कई ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिन्हें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय और आवास से लीक हुआ बताया गया है। इन ऑडियो क्लिप्स से सत्ता पक्ष के नेताओं और इमरान खान दोनों की इमेज पर कलंक लगा है। शहबाज शरीफ सरकार इस लीक कांड की पूरी जांच कराने का आदेश दे चुकी है।

मगर इमरान खान ने सोमवार को कहा कि इस मामले की 'प्रामाणिक जांच' कराने की गुजारिश करते हुए वे अदालत में अर्जी दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि ऑडियो लीक होने से प्रधानमंत्री कार्यालय और आवास की पूरी सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। उन्होंने एक ट्विट में कहा- 'मेरे प्रधानमंत्री रहते हुए मेरे आवास की जासूसी की गई। हम कोर्ट जाकर गुजारिश करेंगे इन लीक हुए ऑडियो की प्रामाणिकता की जांच कराई जाए और उसके बात इस बात की जांच कराई जाए कि किसी खुफिया एजेंसी ने बातचीत रिकॉर्ड की और कौन ऑडियो क्लिप्स को लीक रहा है, जिनमें से कई क्लिप संपादित या ऐसे लगते हैं जिनमें हेरफेर की गई है।'



शुरुआत में लीक हुए ऑडियो में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उनकी भतीजी मरियम नवाज और अन्य सत्ताधारी नेताओं और सरकारी अधिकारियों की आवाज सुनी गई थी। इनमें मरियम नवाज को अनुचित फायदा दिलवाने की बातचीत भी सुनी गई। लेकिन इसके बाद ऐसे कई क्लिप वायरल हुए, जिनमें इमरान खान अमेरिका से आए कूटनीतिक संदेश को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और किसी भी हद तक जाकर अपनी सरकार बचाने की योजना बनाते सुने गए। बताया गया है कि ये क्लिप उस समय के हैं, जब तत्कालीन इमरान खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था।

# कोल ट्रांसपोर्टरों के घरों और दफ्तरों में ईडी के दबिश से मचा हड़कंप

-राजा मुखर्जी-
**कोरबा,11अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**



छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर सहित अनेक जिलों में मंगलवार की सुबह ईडी की संयुक्त टीम ने एक साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अधिकारियों और कोयला व जमीन के कारोबारियों के ठिकानों में दबिश दी है वही कोरबा में दुरपा रोड निवासी कोयला कारोबारी हेमंत जायसवाल और राजकुमार अग्रवाल (एससीसी)के घर सुबह करीब 6:00 बजे टीम पहुंची एव सभी परिजनों को बाहर निकालकर गहन छानबीन की । इसके अलावा ट्रांसपोर्ट कंपनी आरकेटीसी के दफ्तर पर भी टीम ने दबिश दी है । इस दौरान बड़ी संख्या मे केंद्रीय सुरक्षा के जवान व ईडी के अधिकारी उपस्थित थे। कोरबा के अलावा रायपुर,महासमुंद व अन्य जिलों के कोयला व ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के यहां भी दबिश दी गई । छापे की जद में प्रशासनिक अधिकारी भी आये हैं जो चर्चा का विषय बने हुए हैं। बता दें कि कुछ माह पहले ही हेमंत जायसवाल के घर आईटी ने दबिश देकर छानबीन किया था। एक बार फिर प्रदेश भर में पड़े छापे खासकर कई नामचीनों के घर दुबारा पड़े छापे ने खलबली मचा दी है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ और लोग भी टारगेट में रहेंगे, ईडी के निशाने पर जमीन और कोयला का कारोबार करने वाले विशेष निशाने पर हैं । ईडी की कार्रवाई फिलहाल जारी है। ईडी को उक्त दोनों व्यवसायियों के घरों से क्या कुछ मिला है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है।



## पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने मां-बेटी ने जन चौपाल में लगायी गुहार

### कहा टूटे घर में रहने को मजबूर

-संवाददाता-
**कोरबा,11अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने मंगलवार को कोरबा कलेक्ट्रेट में आयोजित जन चौपाल में मां-बेटी ने कलेक्टर संजीव झा से गुहार लगायी है। दोनों ने बताया कि कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मिलकर उक्त योजना का लाभ दिलाने मांग की,लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला,टूटे घर में में रहने को मजबूर हैं। निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 पुरानी बस्ती रानी रोड कोरबा की दिव्यांग मिता सिंह अपनी मां के साथ कलेक्टोरेट जन चौपाल में पहुंचकर ज्ञापन दिया है,जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने गुहार लगाई गई है। बताया गया कि उनका घर आबादी भूमि पर बना है लेकिन पट्टा नहीं होने से पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अब जबकि घर जर्जर हालत में होने पर टूटने से उन्हें इस योजना की अधिक आवश्यकता हो गई है।

## फ्लिपकार्ट से की थी ऑनलाइन शॉपिंग,पार्सल खोला तो लैपटॉप की जगह निकली किताबें

-संवाददाता-
**कोरबा,11अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**



जिले के कोरकोमा गांव में फ्लिपकार्ट के ऑनलाइन पार्सल से लैपटॉप की जगह किताबें निकलीं, जिसके बाद युवक के होश उड़ गए। पीड़ित युवक का नाम विनय सोनी है। त्योहारों के मद्देनजर ऑनलाइन सामानों में बंपर छूट मिल रही है। इसका लाभ उठाने के लिए विनय सोनी ने फ्लिपकार्ट से लैपटॉप ऑर्डर किया था, लेकिन उसके साथ ठगी हो गई। घटना बालको थाना क्षेत्र के रजगामार चौकी का है। इधर ठगी का शिकार हो जाने के बाद पीड़ित युवक विनय सोनी ने रजगामार चौकी और फ्लिपकार्ट कंपनी में शिकायत की। इस मामले में ष्ठष्ठरूस्कूल रोड स्थित ई-कॉमर्स कोरियर सर्विस के डिलीवरी बॉय की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। बालको थाना प्रभारी सुरेश कुमार जोगी ने कहा कि फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय और कंपनी के कर्मचारियों को तलब किया गया है। उनसे पूछताछ के बाद कार्रवाई की जाएगी। ऑनलाइन शॉपिंग से संबंधित मामलों में डिलीवरी की जिम्मेदारी ईकॉम एक्सप्रेस ने ले रखी है। हजारों की संख्या में सामान यहां पहुंचते हैं और फिर डिलीवरी बॉय के जरिए उन्हें संबंधित पते पर भिजवाया जाता है। विनय सोनी ने फ्लिपकार्ट से लैपटॉप ऑर्डर किया था। सामान यहां आने पर उसे मैसेज मिला। डिलीवरी बॉय को उसने 30 हजार रुपए कैश दिए और बॉक्स लिया। इसके बाद डिलीवरी बॉय चला गया। जब उसने बॉक्स खोला, तो उसमें लैपटॉप के बदले कुछ किताबें रखी हुई थीं। इसके बाद विनय ने डिलीवरी बॉय को कई बार फोन भी किया, तो उसने खुद के यहां-वहां होने की बात कही और इसके बाद फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित ने कहा कि उसे पूरा विश्वास है कि फ्लिपकार्ट कंपनी ने सही सामान भेजा था, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसमें हेराफेरी की गई है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि ईकॉम एक्सप्रेस के संचालक डिलीवरी बॉय के बारे में जानकारी देने से साफ बच रहे हैं, जिससे उनकी भूमिका भी संदिग्ध नजर आने लगी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-उपेश सिन्हा-
**कुसमी 11अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**



कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की नाबालिक लड़की से गांव के ही एक युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है पुलिस ने आरोपी युवक आजाद प्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है जानकारी के मिताबिक आरोपी युवक मार्च 2022 से जून 2022 के दौरान नाबालिक लड़की से शादी का झांसा देकर आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था और नाबालिक को घटना की जानकारी अन्य किसी को देने पर जान से मारने धमकी भी देता था वही पुलिस के पास जब घटने की शिकायत दर्ज हुई तो पुलिस ने तत्काल आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है कार्यवाही में कुसमी एसडीओपी रितेश चौधरी के पर्यवेक्षण में,थाना प्रभारी सुनिल केरकेट्टा, एएसआई कल्पना निकुंज,प्रधान आरक्षक दीपक बड़ा,सुकेश एक्का,आरक्षक देवत राम महिला आरक्षक बबीता भगत शामिल रहे।



## एसडीओपी ने करौंधा थाना के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली

-उपेश सिन्हा-
**कुसमी 11अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर कुसमी अनुभाग के एसडीओपी रितेश चौधरी ने करौंधा थाना प्रभारी दुवेंद्र सिंह टेकाम, उनि विवेक भगत, स.उ.नि कैलाश राम,प्रधान आरक्षक अजित लाल टोप्पो, राजेन्द्र नामदेव,अमोल कच्छ्प, पुंनु राम मरावी सहित थाने में पदस्थ आरक्षकगण की उपस्थिति में समीक्षा बैठक ली जहाँ पर झारखंड सीमा से सटे होने की वजह से पेट्रोलिंग करने के निर्देश के साथ पे ेसी राज्य के महुवाडो गुमला लातेहार से मुर्सा ेर व्यपारियो ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है जिसपर बॉडर पर जांच नाका लगाकर गहन चेकिंग करने के निर्देश थाना प्रभारी को दी,वही एसडीओपी जांच में 2 मर्ग,04 गुम इंसान,04 अपराध,01 खारीजी ,12 जब्ती माल पेंडिंग पाया गया,



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में मिली नवजात बच्ची

### बच्ची के वैधानिक पालक होने का दर्ज करा सकते हैं दावा-आपत्ति

-संवाददाता-
**बलराम्पुर 11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जानकारी दी है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में 10 अक्टूबर को एक नवजात बच्ची मिली है। नवजात बच्ची को अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण वसुन्धरा दत्तक ग्रहण एजेंसी तिवारी कॉलोनी, संगम चौक जशपुर, जिला जशपुर में रखा गया है। बाल संरक्षण अधिकारी ने सर्व संबंधित को जो बच्ची के वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा-आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, वे प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी बलरामपुर तथा बाल कल्याण समिति बलरामपुर में दर्ज करा सकते हैं। उक्त समय अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जाएगी।

## गोधन न्याय योजनांतर्गत समस्त जानकारी प्रतिदिन उपलब्ध कराएं:कलेक्टर

-संवाददाता-
**बलरामपुर 11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**



संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना तथा विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, बैठक में उन्होंने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों से सभी विभागीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने गोधन न्याय योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए गोधन न्याय योजनांतर्गत स्वीकृत गौठानों के निर्माण कार्य, गोबर खरीदी, वर्मी टैंक भराव, तैयार वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय की जानकारी प्रतिदिन उपलब्ध कराने को कहा। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शेष गौठान निर्माण हेतु राजस्व की जमीन को ही चिन्हांकित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से स्वीकृत गौठानों में निर्माण कार्य अगले तीन दिवस में प्रारंभ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने गौठानों में गोबर खरीदी की जानकारी लेते हुए गोबर विक्रय हेतु पंजीकृत पशुपालकों से संपर्क कर प्रतिदिन सभी गौठानों में गोबर खरीदी करने को कहा। उन्होंने गौठान में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कृषि, उद्यानिकी व वन विभाग के अधिकारियों को वर्मी कम्पोस्ट का उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने गौठानों में संचालित मल्टीएक्टिविटी की जानकारी लेते हुए सक्रिय गौठानों में महिला स्व-सहायता समूह की आमदनी बढ़ाने हेतु एक ही समूह को एक से अधिक मल्टीएक्टिविटी से जोड़ने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने पशुधन विकास विभाग के अधिकारी से अगले एक सप्ताह में गोमूत्र के क्रय में वृद्धि करने तथा गौ-मूत्र से निर्मित उत्पाद जीवामृत एवं ब्रह्मास्त्र को आम किसानों तक उपलब्ध कराने को कहा, ताकि आम किसान इसका उपयोग कर सके।

बैठक में उन्होंने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार जिले में ऐसे पटवारी जो एक ही हल्के में 3 साल से अधिक समय अवधि से पदस्थ हो, उन्हें तत्काल प्रभाव से अन्य पटवारी हल्के में पदस्थ करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने कौन-कौन से पटवारी कब से किस हल्के में पदस्थ हैं की जानकारी निर्धारित वेबसाइट में ऑनलाइन अपलोड करने को कहा। कलेक्टर ने पूरे प्रदेश सहित जिले में 15 नवम्बर से शुरू होने वाले मानस गायन प्रतियोगिता के लिए जिले के सभी इच्छुक रामायण मंडली समितियों का जल्द से जल्द पंजीयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से लंबित ना रखते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने जिले के चार नगरीय निकाय कुसमी, राजपुर, बलरामपुर व वाड्रफनगर में शासकीय जमीनों को नजूल घोषित करने हेतु शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिले में स्थापित सभी कृष्ण कुंज की देख-रेख की जिम्मेदारी वन विभाग को करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत लंबित मजदूरी का शीघ्र भुगतान कर ऑनलाईन एंट्री करने को कहा। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



-संवाददाता-
**बलरामपुर 11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है तथा आज आयोजित जनदर्शन में 36 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें खसरा नम्बर सुधार, फर्जी पट्टा, आंगनबाड़ी भर्ती में अनियमितता, फर्जी रकबे में धान विक्रय करने, लंबित शिकायत प्रकरण पर कार्यवाही नहीं होने, सचिव के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं देने, शासकीय राशि का बंदरबांट करने, राजस्व अभिलेख में त्रुटिपूर्ण नाम अंकित होने, निजी भूमि पर पावर हाऊस स्थापित होने पर रोक लगाने व ग्राम सीतारामपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने, भूमि बंटवारा, नामांतरण, से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

जिला स्तरीय जनदर्शन में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., वनमण्डलाधिकारी श्री विवेकानन्द झा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव तथा अपर कलेक्टर श्री एस.एस.पैकरा सहित विभिन्न विभाग के विभाग प्रमुख मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग ने किया 10 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

-संवाददाता-
**बलरामपुर 11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**



शराब की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री जे.पी.एन दीक्षित के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय करने वालों पर छापामार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना रामानुजगंज ग्राम आरागाही निवासी दशरथ सिंह आत्मज स्व. भगन सिंह साकिन के पास से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब एवं 120 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क) (च) 34 (2)/59 (क) के तहत् प्रकरण कायम कर जेल दाखिल किया गया।

## जिला व पुलिस प्रशासन समन्वय के साथ जिले में विजिबल पुलिसिंग सुनिश्चित करें: कलेक्टर



-संवाददाता-
**बैकुंठपुर,11 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने आज जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। गत दिनों आयोजित कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कानून व्यवस्था पर दिए गए निर्देशों की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को समन्वय कर जिले में विजिबल पुलिसिंग सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर एवं एसपी ने चिटफंड प्रकरणों के निराकरण, ऑनलाइन जुआ पर रोक, नाईट पेट्रोलिंग और अवैध नशीले पदार्थों पर औचक कार्रवाई के कड़े निर्देश बैठक में मौजूद जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दिए।

### चिटफंड के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश,हर टीएल में होगी समीक्षा

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में चिटफंड के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर चर्चा की। उन्होंने प्राथमिकता से इन प्रकरणों का निराकरण करने एवं हर समय सीमा की बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। समयसीमा की बैठक में निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

### अवैध नशीले पदार्थों और ऑनलाइन जुआ-सट्टा पर औचक कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में सभी एसडीएम, टीआई एवं खाद्य औषधि नियंत्रक को मेडिकल स्टोर के औचक निरीक्षण के निर्देश दिए और अवैध नशीले पदार्थों और दवाईयों पर कार्रवाई करने की बात कही। ऑनलाइन जुआ-सट्टा पर विशेष निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने इस पर रोक लगाने की दिशा में कारगर पहल करने कहा।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाने वालों पर होगी त्वरित कार्रवाई

बैठक में कलेक्टर एवं एसपी ने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नाईट पुलिसिंग को मजबूत करने कहा। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन गश्त में राजस्व व पुलिस प्रशासन के अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल रहें। जिससे रात में असामाजिक गतिविधियों पर रोकथाम की जा सके और आमजन रात में भी बिना किसी चिंता के सुरक्षित माहौल में आवागमन कर सकें।

**NAME CHANGE**

I FOUZIA NAAZ D/o KAMAL AHMED Residence of Ring Road Ambikapur Surguja (C.G.) Pin 497001 here by declare that have change my FOUZIA NAAZ D/o KAMAL AHMED to FOUZIA NAAZ IDRISHI in all the Government approved identy proofs to be used for various purpose in the future

Deponent
FOUZIA NAAZ
Ring Road
Ambikapur
Surguja(C.G.)

# सिंधू को दिसंबर में विश्व टूर फाइनल तक फिट होने की उम्मीद



**नई दिल्ली,11अक्टूबर 2022।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को उम्मीद है कि टखने की चोट के कारण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से लंबे ब्रेक के बाद वह दिसंबर में सत्रांत विश्व टूर फाइनल्स के दौरान वापसी करने में सफल रहेंगी। अंतरराष्ट्रीय सर्किट में सबसे फिट खिलाड़ियों में शामिल सिंधू को अगस्त में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था। 'ब्रेव टुगेदर कैंपेन' की ब्रांड दूत सिंधू ने पीटीआई से कहा, ''सकारात्मक पक्ष यह है कि ब्रेक लेने के लिए मुझे लगता है कि सिर्फ यही समय था क्योंकि अगला साल काफी व्यस्त होने वाला है और लगातार टूर्नामेंट होंगे।

उन्होंने कहा, ''नकारात्मक पक्ष यह है कि चोट के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा। लेकिन यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आपको अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और सुनश्चित करना होगा कि आप पूरी तरह फिट और ठीक रहें। आपको खेल के स्तर से निपटने के लिए खुद को फिट बनाए रखना होगा।'' सिंधू ने कहा, ''जल्दी उबरना महत्वपूर्ण होता है। मैं बेहतर हो रही हूं और उम्मीद करती हूं कि दिसंबर में खेलना शुरू कर दूंगी।''सिंधू इस महीने डेनमार्क ओपन (18 से 23 अक्टूबर) और फ्रेंच ओपन (25 से 30 अक्टूबर) में हिस्सा नहीं हो पाएंगी जो बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 प्रतियोगिता है। विश्व टूर फाइनल्स का आयोजन 14 से 18 दिसंबर तक चीन के ग्वांग्झू में किया जाएगा। यह पूछने पर कि क्या यह लक्ष्य है तो सिंधू ने कहा, ''हां, बेशक। मैं डेनमार्क और पेरिस में नहीं खेल रही हूं। लेकिन उम्मीद करती हूं कि वहां खेल पाऊंगी।''

हैदराबाद की 27 साल की सिंधू ने कहा कि खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी की जाती है और इस बारे में बात करना महत्वपूर्ण है। इससे पहले पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली, चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता जापान की नाओमी ओसाका और दिग्गज जिम्नास्ट अमेरिका की सिमोन बाइल्स जैसे खिलाड़ी मानसिक स्वास्थ्य से जूझने का खुलासा कर चुके हैं।

# दीप्ति टी20 गेंदबाजी में करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर फिर पहुंची



**दुबई ,11अक्टूबर 2022।** भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के सुधार के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वापसी की। वह हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी इसी स्थान पर है। दीप्ति को बांग्लादेश के सिलहट में जारी मौजूदा एशिया में शानदार प्रदर्शन करने का रैंकिंग में फायदा मिला है।

उन्होंने ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन जबकि बांग्लादेश और थाईलैंड के खिलाफ दो-दो विकेट झटके। दीप्ति ने रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल को पीछे छोड़ा जबकि उनसे आगे इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और साराह ग्लेन है। दीप्ति ने नवंबर 2019 में पहली बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया था।

### बल्लेबाजी में भी मिला फायदा

वह इस दौरान बल्लेबाजों की सूची में भी एक स्थान सुधार करने में सफल रही। बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह 35 वें पायदान पर है। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की एशलिघ गार्डनेर को पीछे छोड़ा। गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत की रेणुका सिंह (तीन स्थान के सुधार के साथ आठवें पायदान पर), स्नेह राणा (30 स्थानों के सुधार के साथ 15वें स्थान पर) और पूजा वस्त्राकर (सात स्थानों के सुधार के साथ 28वें पायदान पर) भी इस रैंकिंग में सुधार करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। भारतीय बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। शेफाली वर्मा हालांकि बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान खिसककर आठवें स्थान पर आ गई हैं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग शीर्ष पर बरकरार है।

# भारत के पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने दिया ट्रोलर को करारा जवाब

**नई दिल्ली,11अक्टूबर 2022।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा इन दिनों कमेंटेटर के तौर पर धमाका कर रहे है। हिंदी की बेहतरीन कमेंट्री के लिए उनका काफी नाम है। हालांकि क्रिकेटर के तौर पर वो काफी सफल नहीं हुए यही कारण रहा कि उनका क्रिकेट करियर अधिक लंबा नहीं रहा था। हालांकि क्रिकेट में उनकी पकड़ काफी अच्छी रही है। भारतीय टीम को लेकर वो कई बार टिप्पणी करते रहते है। भारतीय टीम के खेल को लेकर भी उन्होंने कई बार अपनी राय रखी है। आकाश सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते है। क्रिकेटर आकाश चोपड़ा सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ ना कुछ पोस्ट करते है। उनके कई फैंस तो है ही मगर कई बार यूजर्स उन्हें ट्रोल भी करते है। हाल ही में ट्वीटर पर एक यूजर ने आकाश को ट्रोल करने की कोशिश की जिसका उन्होंने जमकर जवाब दिया। उन्होंने पलटवार करते हुए शख्स को चुप कराया।

### ये है मामला

दरअसल पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के संबंध में एक यूजर ने ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आप अपने करियर के बारे में



बताएं। आप क्रिकेट के बारे में बात करते हैं जबकि आप एक असफल क्रिकेटर है। इस बात के जवाब में आकाश चोपड़ा ने लिखा कि मैंने आपको गूगल किया, मगर क्रिकेट तो क्या कहीं कोई करियर नहीं मिला। आपके तर्क के अनुसार आप मेरे बारे में बात कैसे कर सकते है, जब आप अपने जीवन में खुद कुछ नहीं है।

### क्रिकेट के ज्ञान की बदौलत कमेंट्री की दुनिया में छाए

आकाश चोपड़ा के पास क्रिकेट का काफी ज्ञान है। वो क्रिकेट पर दो किताबें लिख चुके है। इनके नाम बियॉन्ड द ब्लूज और आउट ऑफ़ द ब्लूज हैं। क्रिकेट फैंस के बीच के किताबें बहुत मशहूर है। समय समय पर आकाश चोपड़ा क्रिकेट के मुद्दे पर अखबारों में भी कॉलम लिखते है। एनालिस्ट के तौर पर भी उनकी मजबूत पकड़ है।

### जानें आकाश के करियर के बारे में

भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों की अपेक्ष आकाश चोपड़ा का करियर उतना सफल नहीं रहा है। आकाश ने भारत के लिए मात्र 10 टेस्ट मैच खेले है। इन मैचों में उन्होंने 23 की औसत से 437 रन बनाए। इसके अलावा वनडे क्रिकेट या टी20 क्रिकेट में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। बता दें कि आकाश चोपड़ा इंडियन प्रीमियर लीग का भी हिस्सा रहे हैं। उन्होंने शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलते हुए 6 इनिंग्स में 53 रन बनाए थे। उन्होंने वर्ष 2003 में टेस्ट क्रिकेट के जरिए अपना पदार्पण किया था। उनका करियर एक वर्ष तक ही रहा।

# वनडे सीरीज पर भी भारत का कब्जा

## दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हराया



**नई दिल्ली,11अक्टूबर 2022।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैचों की सीरीज को 2-1 से जीतने में कामयाबी हासिल की। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने दिल्ली मे खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 99 रन ही बना सकी थी, जिसे भारतीय बल्लेबाजों ने तीन विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। शुभमन गिल ने टीम के लिए सबसे अधिक 49 रन जड़ने का काम किया। भारत ने 19.1 ओवर में तीन विकेट खोकर 105 रन बना लिए।

### कप्तान शिखर धवन का बल्ला रहा खामोश

इस सीरीज में कप्तान शिखर धवन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। तीनों ही मुकाबले में वह जल्दी आउट हो गए। महज 100 रनों का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत तीसरे मैच में भी खराब रही। कप्तान शिखर धवन सिर्फ 8 रन बनाकर रन आउट हो गए। शिखर धवन के बाद पिछले मैच के हीरो ईशान किशन ब्योर्न फोर्टुइन की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक को अपना कैच थमा बैठे।

### श्रेयस अय्यर के लिए शानदार रहा सीरीज

भारतीय टी-20 वर्ल्ड कप टीम में रिजर्व खिलाड़ी के रूप में अपनी जगह बनाने वाले श्रेयस अय्यर के लिए यह सीरीज काफी अच्छा गुजरा है। पहले मैच में अय्यर ने अर्धशतक जड़ा था, जबकि दूसरे मुकाबले में नाबाद 113 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। तीसरे मैच में भी वह नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाकर पवेलियन लौटे। अय्यर के फॉर्म को देखते हुए उन्हें आने वाले समय में और मौके दिए जा सकते हैं।

### कुलदीप यादव ने झटके 4 विकेट

बल्लेबाजों से पहले भारतीय गेंदबाजों ने इस मुकाबले में कमाल का प्रदर्शन किया। स्पिनर कुलदीप यादव ने सिर्फ 18 रन देकर चार विकेट झटकने का काम किया। कुलदीप यादव के अलावा वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद और मोहम्मद सिराज ने भी दो-दो विकेट झकने में कामयाबी हासिल की। दक्षिण अफ्रीका के लिए हेनरिक क्लासेन ने सबसे अधिक 34 रन बनाए।

### अफ्रीकी बल्लेबाजों का शर्मनाक प्रदर्शन

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक तीसरे ही ओवर में वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर आवेश खान को कैच थमा बैठे। उन्होंने 10 गेंदों में 6 रन बनाए। पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले रीजा हेंड्रिक्स भी 24 रन बनाकर आउट हो गए। एडेन मार्कराम को शाहबाज अहमद ने संजू सैमसन ने कैच आउट कराया। सीरीज के पहले दोनों ही मुकाबलों में नाबाद पारी खेलने वाले डेविड मिलर इस मुकाबले में कुछ खास कमाल नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हो गए।

### दोनों टीमों में शामिल थे ये खिलाड़ी

दक्षिण अफ्रीका- क्विंटन डी कॉक (डब्ल्यू), जेनमैन मलान, रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर (कप्तान), मार्को जेन्सन, एंडिले फेहलुकवेओ, ब्योर्न फोर्टुइन, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे।

भारत- शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आवेश खान।

# फिल्म ऊंचाई से जारी हुआ अभिनेता अमिताभ बच्चन का लुक

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन आज यानी 11 अक्टूबर को 80 साल के हो जाएंगे। 11 अक्टूबर, 1942 को प्रयागराज में उनका जन्म हुआ था। अब उनके जन्मदिन से पहले उनकी फिल्म ऊंचाई से उनका लुक जारी हो गया है। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। राजश्री प्रोडक्शन की यह मल्टीस्टारर फिल्म 11 नवंबर को बड़े पर्दे पर आने वाली है।

अमिताभ ने इंस्टाग्राम पर ऊंचाई का पोस्टर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म से अपने कैरेक्टर का नाम भी बताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, राजश्री का यह एक खास प्रोजेक्ट है। 11 नवंबर, 2022 को ऊंचाई में मुझसे अमित श्रीवास्तव के रूप में मिलिए। सूरज बड़जात्या की यह फिल्म जीवन और दोस्ती का जश्न मनाती है। फिल्म का निर्देशन सूरज ने ही किया है। अमिताभ फिल्म के पोस्टर में बर्फीले पहाड़ों के बीच दिखे हैं। टोपी और चश्मे में उनका लुक काफी इंटेंस लग रहा है।




फैंस हार्ट इमोजी के साथ फिल्म के पोस्टर पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इस पोस्टर में एक जगह लिखा गया है, दोस्ती ही उनकी एकमात्र प्रेरणा थी। इस फिल्म का पहला पोस्टर फ्रेंडशिप डे पर जारी किया गया था, जिसमें अमिताभ के साथ अनुपम खेर और बोमन ईरानी को पहाड़ पर चढ़ते हुए दिखाया गया था। ऊंचाई में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। खबरों की मानें तो फिल्म में परिणीति को टूरिस्ट गाइड की भूमिका में देखा जाएगा। उनके अलावा डेनी डेनजोंगपा, सारिका ठाकुर और नीना गुप्ता जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल की शुरुआत में पूरी हो गई थी। इस फिल्म को मुंबई, नेपाल, लखनऊ, आगरा और कानपुर जैसी जगहों पर शूट किया गया है। यह एक फैमिली ड्रामा एंटरटेनर फिल्म होगी।

# ऑफ शोल्डर ड्रेस पहन नेहा मलिक ने लगाया बोल्डनेस का तड़का



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग आउटफिट को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। अपने बेबाक अभिनय के लिए फेमस नेहा मलिक हमेशा अपने ड्रेसअप को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस लुक्स में फोटोशूट करवाया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने इन तस्वीरों में डार्क ब्लू कलर की ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनी हुई है। अभिनेत्री नेहा मलिक का ये हॉट और सेक्सी लुक देख कर फैंस एक बार फिर अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस नेहा मलिक अपना डीप नेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। फैंस को एक्ट्रेस नेहा मलिक का ये लुक बेहद ही शानदार लग रहा है। नेहा हमेशा अपने बिंदास लुक्स से फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



# सुपरस्टार चिरंजीवी की फिल्म गॉडफादर ने बॉक्स ऑफिस पर किया धमाका

चिरंजीवी-स्टारर गॉडफादर बढ़े परदे पर देखा जायेगा। यह स्पष्ट है कि वास्तव में ऐसी कोई फिल्म नहीं है जिसे दर्शकों द्वारा इतना प्यार और स्वीकृति मिली हो। इस फिल्म ने जिसने निस्संदेह भारतीय सिनेमा के इतिहास में नए मानक स्थापित करते हुए अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा है।

गॉडफादर शानदार और पारिवारिक मनोरंजक फिल्मों मैं से एक है। चिरंजीवी ने दक्षिण में अपनी अच्छी सफता के अलावा, उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के क्षेत्रों में हिंदी भाषा का अच्छा प्रदर्शन करते हुए नज़र आ रहे है। त्योहारों के चलते सिनेमा घरों मैं सुपरस्टार चिरंजीवी के आने से लोगों मैं उत्साह दुगना बढ़ते हुए नज़र आ रहा है।फिल्म व्यापार विश्लेषकों के अनुसार, राजनीतिक-एक्शन फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म काफी ज़्यादा चलने की उम्मीद है। इस सब के अलावा, चिरंजीवी के साथ सलमान खान की उपस्थिति फिल्म मैं नज़र आएगी और साथ ही दोनों के प्रशंसकों ने काफी सराहा है।गॉडफादर फिल्म को मोहन राजा निर्देशित मलयालम राजनीतिक थ्रिलर के आधिकारिक की फिल्म लूसिफ़ेर से पुनर्निर्माण किया गया है जिस मैं मोहनलाल, विवेक ओबेरॉय, अन्य कलाकारों की उपस्तिथि नज़र आयी थी। गॉडफादर इस फिल्म मैं कैमियो करते हुए हम सभी के भाईजान सलमान खान भी नज़र आएंगे।चिरंजीवी के साथ इस फिल्म मैं नयनतारा, सत्यदेव और अन्य कलाकारों की उपस्तिथि नज़र आएगी। फिल्म में लोकप्रिय संगीतकार एस थमन का संगीत स्कोर दिया गया है। साथ ही फिल्म के तीनों गानों को पहले ही नेटिज़न्स से सराहना काफी मिल चुकी है।













CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### दिवाली के पहले कर्मचारियों को मिला तोहफा,7वें वेतनमान के एरियर्स के भुगतान का आदेश जारी




**रायपुर, 11 अक्टूबर 2022।** भूपेश सरकार ने दिवाली से पहले प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने 7वें वेतनमान के एरियर्स की 5वीं किश्त जारी कर दी गई है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के 4 लाख से अधिक कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### रमन सिंह का बड़ा बयान, जल्द हम गोबर घोटाला का खुलासा करेंगे



**रायपुर, 11 अक्टूबर 2022।** पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधा है. रमन सिंह ने कहा ÷मैं शुरू से यह कहता हूं कि भूपेश बघेल सोनिया गांधी और कांग्रेस के एटीएम हैं. प्रदेश में लगातार अवैध करोबार हो रहे हैं. कोरबा का होटल वाला, पान वाला से लेकर कलेक्टर तक सभी जानते हैं कि पैसा कौन लेता है और कहां जाता है. हिंदुस्तान में शायद यह पहला मामला होगा जब इतने बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों के यहां रेड हो. ईडी के छापे के बाद भूपेश बघेल की जो प्रतिक्रिया आ रही है, वह भी आश्चर्यजनक है।

पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने कहा ÷ प्रदेश के सड़कों में गड्ढे होने का जवाबदार कौन है भूपेश बघेल बताएं ? अकेले पाटन में 1700 करोड़ रुपए खर्च क्यों होते हैं, भूपेश बघेल ये बताएं ? बस्तर और सरगुजा के 15-16 विधानसभा में 1200-1300 करोड़ों रुपए खर्च करते हैं और एक विधानसभा पाटन में 1700 करते हैं तो बाकी सड़कें उखड़ेंगी नहीं तो क्या होगी? पाटन ही मुख्यमंत्री का क्षेत्र है. पाटन ही उनकी विधानसभा है. पाटन से ही इन्हें वोट लेना है. बाकी छत्तीसगढ़ आज उनसे पूछ रहा है कि सड़कों में खड्डे क्यों हैं.÷

पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने कहा ÷ प्रदेश में गोबर खरीदी को लेकर बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है. जल्द भाजपा के पूरे कार्यकर्ता प्रदेशभर के गोठान में जाएंगे. पूरे आंकड़ों के साथ यह पता करेंगे कि कितना भ्रष्टाचार हुआ है. जल्द हम गोबर घोटाला का खुलासा करेंगे. प्रदेश में बड़ी समस्या आवास, शराबबंदी है. लेकिन इससे बड़ी समस्या गोठान और गोबर खरीदी है।

### मारुति वैन में लगी आग, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



**जशपुर, 11 अक्टूबर 2022।** बड़ी खबर जिले के कुनकुरी से आ रही है। यहां के बाजार डांड में अचानक चलती हुई मारुति वैन में आग लग गई। बाजार डांड के बीचों बीच मारुति वैन में आग लग जाने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगो की मदद से आग बुझाने की कोशिश की जा रही हैं.

जानकारी के मुताबिक मारुति वैन से कुछ लोग साप्ताहिक बाजार कासाबेल जा रहे थे तभी बाजार डांड से थोड़ा सा आगे वैन से धुआं निकलना शुरू हो गया। धुआं निकलते देख ड्राईवर ने आनन फानन में मारुति में रखे सामान को फेक दिया और बालू से आग बुझाने में लगे रहे। बहरहाल आग अभी भी बुझी नहीं है और लोग आग बुझाने में जुटे हुए है।

# राजस्व कलेक्टर रानू साहू सहित अनेक अधिकारियों के यहां पड़ा ईडी का छापा

## मुख्यमंत्री की ओएसडी ईडी के छापे में शामिल

**कोरबा 11 अक्टूबर 2022।** रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू पर ई डी का छापा पड़ गया है। रानू साहू को प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से छेड़छाड़ और पंगा लेना मंहगा पड़ गया है। आई ए एस रानू साहू कोरबा में कलेक्टर रहते उस समय चर्चा में आई थी जब उसने कोरबा विधायक और प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से पंगा लिया था। लगातार विवाद के बाद रानू साहू को कोरबा से अपना बोरिया बिस्तर समेटना पड़ा था। इस बीच बताते हैं राजस्व मंत्री ने सबूतों के साथ रानू साहू का कच्चा चिट्ठा आई टीए ई डी सहित केन्द्र सरकार को उपलब्ध कराया था। इसके बाद से रानू साहू राडार पर थी। न्यूज़ एक्शन को पता चला है कि पूर्व में जो तरह आई ए एस और आई पी एस अधिकारी ई डी के निशाने पर थे, उनकी संख्या बढ़कर पचास हो गई है। इसके अलावे मुख्यमंत्री के करीबी पांच मंत्री, कुछ बड़े कांग्रेस नेता और बीस बड़े व्यापारी. उद्योगपति भी केंद्रीय एजेंसियों के राडार पर हैं।याद रहे कि मंगलवार की अलसुबह छत्तीसगढ़ में रानू साहू, उनके पति जे पी मौर्य और सौम्या चौरसिया सहित कई अन्य लोगों के ठिकाने पर ई डी ने रेड की है। समीर विश्नोई सीईओ, चिप्स और माइनिंग के पूर्व डायरेक्टर के देवेन्द्र नगर स्थित घर पर भी छापा पड़ा है। बताया जाता है कि कोरबा और दंतेवाड़ा जिले में डी एम एफ की सबसे ज्यादा राशि मिलती है। कोरबा जिला, डी एम एफ में भ्रष्टाचार को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है। जबकि कोरबा से ज्यादा भ्रष्टाचार होने के बाद भी दंतेवाड़ा की कहीं कोई चर्चा नही होती। दंतेवाड़ा में जो भी कलेक्टर रहते हैं खमोशी के साथ डी एम एफ में खेल करके सुरक्षित निकल जाते हैं। वर्तमान में इन दोनों जिलों में रायपुर, दुर्ग और महासमुंद के सफेद पोश व्यापारियों की भीड़ जुटी रहती है। कोरबा में कलेक्टर संजीव झा के आने के बाद रायपुर, दुर्ग और महासमुंद के साथ सरगुजा के लोगों की भी आमदरफ्त बढ़ गई है।मंगलवार को कलेक्टर रानू साहू के घर पर ईडी की रेड पड़ी है सुबह 5 बजे से ईडी की टीम में दर्जन भर से अधिक अधिकारी शामिल हैं। बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत पर पहुँची है । ईडी की टीम ने रायगढ़ के गांजा चौक निवासी नवनीत तिवारी के घर में भी छापा पड़ा है। दूसरी ओर दुर्ग में सौम्या चौरसिया रायपुर के देवेंद्र नगर में सीए विजय मालू, रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू के रायगढ़ स्थित निवास-3 महासमुंद में अग्नि चंद्राकर और अनुपम नगर रायपुर स्थित सूर्यकांत तिवारी, माइनिंग हेड आईएएस जेपी मौर्या के रायपुर स्थित आवास में भी छापा। जेपी मौर्या रानू साहू के पति हैं।




### ईडी की छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्यवाही हुई, चपेट में मुख्यमंत्री की ओएसडी सहित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शामिल

ईडी ने छत्तीसगढ़ में सरकार से जुड़े बहुत से गणमान्य लोगों के घरों में छापे मारे हैं ।चर्चा यह है कि मुख्यमंत्री के नजदीकी लोगो के यहाँ भी कार्यवाही हुई है जिनमें दुर्ग में सौम्या चौरसिया, रायपुर के देवेंद्र नगर में सीए विजय मालू, रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू के रायगढ़ स्थित निवास, महासमुंद में अग्नि चंद्राकर और अनुपम नगर रायपुर स्थित सूर्यकांत तिवारी, माइनिंग हेड आईएएस जयप्रकाश मौर्या के रायपुर स्थित आवास में रेड की कार्यवाही जारी है ।छत्तीसगढ़ के डीएमएफ के फंड की अफरातफरी को लेकर कई मर्तबा पीएमओ में शिकायत की गई थी ।सूत्रों के अनुसार दंतेवाड़ा, रायगढ़,कोरबा सहित कई बड़े जिले के वर्तमान व पूर्व कलेक्टर भी ईडी के राडार में है !इसके अलावा पंजाब, हरियाणा,ओडिशा व उत्तरप्रदेश के मूल निवासी आईएएस व आईपीएस के ऊपर भी ईडी कार्यवाही कर सकती है !छत्तीसगढ़ में इस बात की चर्चा कुछ दिनों से बहुत ज्यादा हो रही थी।




### ईडी,आईटी की रेड पर सीएम भूपेश बघेल का बयान,कहा-'भाजपा इन एजेंसियों के माध्यम से लड़ने,डराने कर रही है कोशिश'

**रायपुर, 11 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीब अफसरों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी होने पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी सीधे नहीं लड़ पा रही हैं। इसलिए इसलिए ईडी ,आईटी के माध्यम से लड़ने की कोशिश कर रही है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि ये फिर आएंगे। ये आखिरी नहीं है। जैसे-जैसे चुनाव पास आएगा इनकी यात्राएं और बढ़ेगी। डराने धमकाने के अलावा कोई काम नहीं है।

सीएम भूपेश ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कमलनाथ और मुझे मुलायम सिंह यादव के अंतिम यात्रा में शामिल होने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उसी के तहत मैं अभी भोपाल में कमलनाथ के पास जाऊंगा फिर वहां से उनके साथ सैफई जाऊंगा भाजपा सीधे नहीं लड़ पा रही इसलिए इसलिए ईडी , आईटी के माध्यम से लड़ने की कोशिश कर रही है।

मालूम हो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अल सुबह छापेमारी कर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी अफसरों के 12 से ज्यादा ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। सुबह से ही यह कार्रवाई शुरू हुई है। इस छापेमारी में ईडी ने सीएमओ में उप सचिव सौम्या चौरसिया और रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू के घर भी रेड की है। सुबह से चल रही कार्रवाई में ईडी की टीम के दर्जन भर से अधिक अधिकारी शामिल हैं। सुबह से चल रही कार्रवाई में ईडी की टीम के दर्जन भर से अधिक अधिकारी शामिल हैं। जिसमें रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू व उनके आईएएस पति मौर्य सहित रायगढ़ के गांजा चौक निवासी नवनीत तिवारी के घर में भी छापेमारी हुई है। इससे पहले आयकर विभाग ने भी इसी साल जून महीने में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यालय में तैनात उप सचिव सौम्या चौरसिया के दो ठिकानों समेत 7 जगहों पर छापेमारी की थी।

# 2 अतंर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

### रेलवे पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 11 अक्टूबर 2022।** ऑपरेशन नारकोस अभियान के तहत अमिय नंदन सिन्हा,महानिरीक्षक रेसुब बिलासपुर महोदय, संजय कुमार गुप्ता, मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर महोदय से प्राप्त दिशा निर्देशो की पालना में रेसुब पोस्ट रायपुर के निरीक्षक एम के मुखर्जी, मंडल टास्क टीम प्रभारी उप निरीक्षक सनातन थानापति, सउपनि डी के वर्मा ,और प्रआ व्ही सी बंजारे, आ.व्ही के सिन्हा,आ. एस के गिरी, आ.घम्मन मीणा,आ. देवेश सिंह, की सयुंक्त टीम के साथ मुखबिर सूचना पर दो व्यक्ति सघन चेकिंग के दौरन रेलवे स्टेशन रायपुर के मेन गेट के सामने जिंदल गार्डन के पास मिले, जिसमे से एक व्यक्ति एक नीले रंग का ट्रॉली बैग के साथ बैठे हुए मिला पुछने पर अपना नाम पता-



(1) सर्वेश कुमार, पिता- स्व बजरंग बहादुर सिंह, उम्र -33, वर्ष निवासी ग्राम -अंधावां, थाना- महेवा घाट, जिला- कौशाम्बी (उ. प्र.) बताया जिसके पास से ट्रॉली बैग में हरे रंग के पालीथीन मे भरे हुए सफेद सेलो टेप से लपेटकर 17 पैकेट मादक पदार्थ गांजा प्रत्येक पैकेट का वजन 1-1 ग्रद्द जिसका कुल वजन 17 किलो ग्राम जिसकी अनुमानित कीमत रू. 85000/- (रु. पच्चासी हज़ार रुपए) के साथ तथा दूसरा आरोपी

(2) नाम पता सुनील त्रिपाठी, पिता -स्व मोती लाल त्रिपाठी ,उम्र -52 साल, निवासी ,ग्राम -अंधावा, थाना- महेवाघाट, जिला - कौशाम्बी (उत्तर प्रदेश) बताया जिसके पास से एक ग्रे कलर का ट्रॉली बैग में सफेद प्लास्टिक पॉलिथीन में भरे हुए भुरे रंग के सेलो टेप में लपेटकर 13 पैकेट मादक पदार्थ गांजा प्रत्येक पैकेट का वजन 1-1 ग्रद्द जिसका कुल वजन- 17 किलोग्राम जिसकी अनुमानित कीमत रु 65000/- ( पैसठ हज़ार रुपए) दोनों आरोपी के पास से कुल वजन- 30 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसकी कुल कीमत 150,000/- (एक लाख पचास हजार रूपए) के साथ एनडीपीएस के तहत विधिवत कार्यवाही कर गिरफतार किया गया।

# रायपुर में पुलिस की बड़ी कार्यवाही,2 लाख के नशीली टैबलेट के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 11 अक्टूबर 2022।** रायपुर में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है. 2 लाख के नशीली टैबलेट के साथ 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट/सिरप की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा



कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्र में मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर अवैध नशीली टेबलेट/सिरप के कारोबार की सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत स्थित मुकुट नगर पास दो अलग - अलग दोपहिया वाहनों में सवार दो व्यक्ति अपने पास बैग में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखें है तथा बिक्री करने कि फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम देव चरण पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक उदयन बेहार द्वारा थाना प्रभारी आजाद चौक को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

## 36 वें नेशनल गेम्स:

# छत्तीसगढ़ ने सॉफ्टबॉल में जीते दो पदक

**रायपुर, 11 अक्टूबर 2022।** 36 वे नेशनल गेम में आज छत्तीसगढ़ को दो पदक मिले हैं। पुरूष सॉफ्टबाल टीम को रजत और महिला सॉफ्टबाल टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ की टीम अब तक 2 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 कांस्य पदक जीते हैं। छत्तीसगढ़ महिला सॉफ्टबाल टीम का मुकाबला आज सेमीफाइनल में केरल के साथ हुआ। इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम केरल की टीम के 2-1 से पीछे रह गई और टीम को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। गौरतलब है कि सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में महिला वर्ग की टीम को पहली बार पदक प्राप्त हुआ है। इससे पहले महिला वर्ग की टीम एक बार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रह चुकी है। फाइनल मैच में आज पुरुष वर्ग सॉफ्टबाल टीम का मुकाबला छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बीच हुआ। तीसरी इनिंग तक दोनों टीम बराबरी पर थी। चौथे इनिंग में महाराष्ट्र एक रन से आगे हो गई। पांचवी इनिंग में छत्तीसगढ़ की टीम कोई रन नहीं बना सकी और इस प्रकार महाराष्ट्र ने यह फाइनल मैच 1-0 से जीत लिया। फाइनल मैच में उपविजेता होने के कारण छत्तीसगढ़ को रजत पदक प्राप्त हुआ।




# माता मावली की डोली एवं दंतेश्वरी के छत्र की रियासतकालीन परंपरानुसार हुई विदाई

**जगदलपुर, 11 अक्टूबर 2022।** बस्तर दशहरा के अष्टमी तिथि पर मावली परघाव पूजा विधान में शामिल होने दंतेवाड़ा से यहां पंहुची माता मावली की डोली एवं दंतेश्वरी के छत्र की विदाई आज सुबह तय कार्यक्रम के अनुसार मां दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित माता मावली की डोली एवं माई के छत्र की रियासतकालीन परंपरानुसार पूजा व अन्य सामग्री के अर्पण के साथ ही माता मावली की डोली एवं दंतेश्वरी के छत्र को मां दंतेश्वरी मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकालकर मां दंतेश्वरी मंदिर के बाहर सिंहद्वार में बने विशाल मंच में रखा गया जहां माता की आरती व पूजा विधान के साथ ही श्रद्धालुओं ने भी पुष्पांजली अर्पित कर माता मावली की डोली एवं दंतेश्वरी के छत्र को विदाई दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।



प्रतिवर्ष बस्तर दशहरा में राजपरिवार के सदस्यों के आमंत्रण पर माता मावली की डोली एवं मां दंतेश्वरी का छत्र जगदलपुर आती है। अष्टमी के दिन मावली परघाव में माता मावली के डोली का भव्य स्वागत किया जाता है, वहीं सभी देवी-देवताओं की विदाई के बाद अंत में माता मावली की डोली एवं दंतेश्वरी के छत्र की विदाई होती है। आज माता मावली की डोली एवं दंतेश्वरी के छत्र की विदाई में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने ससम्मान विदा करने पहुंचे थे। विदाई से पूर्व सशस्त्र जवानों के द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दिये जाने की परंपरा का निर्वहन किया गया। दशहरा समिति की ओर से माई की भव्य विदाई के दौरान कावड़ों में विदाई सामग्री देने की परम्परा है, जिसका निर्वहन किया गया। माई की विदाई के दौरान कावड़ों में सजाकर सामग्री दी जाती है। इसमें 25 किलो चावल, 11 किलो दाल, 05 किलो घी, 08 किलो सरसों तेल, 07 किलो चिराग तेल के अलावा हल्दी, नमक मिर्च, आटा, शक्कर, गुड़, मिठाई, नारियल, अगरबती, कपूर, टिकली, सुपारी, चूड़ी फुंदरी, धूप, लाली, चंदन, आलता, आईना, कंघी व अन्य सामान के अलावा एक काला बकरा भी दिया गया।

# फेस्टिव सीजन में रेलवे का बड़ा फैसला, 200 एक्सप्रेस और 127 पैसेंजर ट्रेनें बहाल

**बिलासपुर, 11 अक्टूबर 2022।** फेस्टिव सीजन को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है. बिलासपुर से चलने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाया गया है. वहीं 200 एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ ही 127 पैसेंजर ट्रेनों को बहाल कर दिया है।

कोविड-19 संक्रमण के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन की स्थिति में रेलवे ने यात्री गाड़ियों का परिचालन पूरी तरह से बंद कर दिया था। उस समय देश के अलग-अलग स्थानों पर फंसे प्रवासियों के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और श्रमिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया था। इस दौरान जैसे-जैसे संक्रमण कम होता गया। यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। कोरोना संक्रमण का प्रभाव कम होने के बाद धीरे-धीरेट्रेनों का संचालन पूर्ववत किया



16 पैसेंजर और लोकल ट्रेनें नहीं हुई शुरू।

इन ट्रेनों को चलाने में आ रही हैं दिक्कतें।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन से 343 ट्रेनें थी संचालित।

जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन से कोरोनाकाल के पहले 343 ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा था, जिसे पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। रेलवे के CPRO साकेत रंजन ने बताया कि इनमें से अधिकांश ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 200 मेल/एक्सप्रेस और 127 पैसेंजर/लोकल ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है। अब 16 पैंसेजर और लोकल ट्रेनें हैं, जिसे शुरू नहीं किया गया है। वह भी इसलिए क्योंकि इन पैसेंजर ट्रेनों को चलाने में दिक्कतें आ रही है, जिसके कारण उन्हें शुरू नहीं किया जा सका है।

इसी तरह यात्रियों की सुविधाओं के लिए गाड़ी संख्या 05755/05756 चिरमिरी-अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल के सभी 5 स्लीपर कोच को सामान्य कोच घोषित करते हुए यात्रियों को अनारक्षित टिकट के साथ यात्रा करने की सुविधा दी गई है। इससे यात्रियों को किफायती दरों में स्लीपर कोच में सफर करने की सुविधा मिलेगी।

रेलवे के अफसरों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से त्यौहारों के समय में यात्रियों को अधिक से अधिक कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान में 42 ट्रेनों में अतिरिक्त शयनयान और वातानुकूलित कोच लगाने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में दो एसी थ्री और दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक एसी थ्री अतिरिक्त कोच की स्थाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# रसोईघर में गैस सिलेंडर फटा दंपति सहित 3 झुलसे

**कोरबा, 11 अक्टूबर 2022।** भोजन बनाने के दौरान परंपरागत चूल्हा का उपयोग करने के दौरान खास तौर पर महिलाओं को धुंआ के कारण हो रही परेशानी को रसोई गैस ने दूर जरूर किया हैए लेकिन खतरे भी बड़े हैं। विभिन्न क्षेत्रों में इस के नजारे सामने आ रहे हैं। बालको नगर के संजय नगर क्षेत्र में मंगलवार को पूर्वान्ह हुई ऐसी ही घटना में दंपति सहित तीन लोग झुलस गए। बाल्को नगर के विभागीय अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। आज पूर्वान्ह 11 बजे के आसपास सेक्टर 1 काली मंदिर के नजदीक संजय नगर स्लम एरिया में यह घटना हुई।

जानकारी के अनुसार यहां पर चैन लाल यादव का परिवार निवासरत है। उसकी पत्नी मनीषा यादव सुबह दसवीं कक्षा में भोजन तैयार कर रही थी। नजदीक में ही उसकी जेठानी देवकी यादव मौजूद थी। बताया गया कि भोजन तैयार होने के दौरान ही अचानक गैस सिलेंडर जोर की आवाज के साथ फट गया। इससे आग का दायरा बढ़ गया। यहां पर कामकाज में लगी मनीषा ने सहायता के लिए आवाज लगाई। जिसे सुनकर मनीषा का पति चैनलाल यादव और जेठानी देवकी यादव तत्काल यहां पहुंचे। मनीषा को बचाने के चक्कर में यह दोनों भी काफी हद तक झुलस गए। लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग हरकत में आए और यहां पहुंच कर अपने स्तर पर राहत और बचाव कार्य किया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई। आनन.फानन में एंबुलेंस के जरिए तीनों पीड़ितों को बाल्को नगर के विभागीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर बर्न यूनिट में उनका उपचार किया जा रहा है। खबर मिलने पर विविध क्षेत्रों के लोगों ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल जाना। घनी आबादी वाले क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने की घटना की खबर ने लोगों को भयभीत कर दिया है। स्थानीय पुलिस की टीम ने यहां का मुआयना करने के साथ आसपास के लोगों से जानकारी हासिल की। घटना कैसे और क्यों हुई इसका खुलासा आगे की जांच में होने की उम्मीद है।



लोगों की जानकारी के लिए बताना आवश्यक है कि सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं के द्वारा रजिस्टर्ड कनेक्शन मामले में उनके गैस सिलेंडर इन्श्योर होते हैं। आपात स्थिति में मृत्यु होने पर पीड़ित पक्ष क्षतिपूर्ति का हकदार होता है। लेकिन इसके लिए जो शर्तें बनाई गई है उनकी पूर्ति करनी होती है। खबर के मुताबिक रसोई घर के वेंटिलेटर की ऊंचाईए स्वीच बोर्ड की दूरी और समय पर गैस का पाइप बदलने जैसा पैरामीटर अहम होते हैं। घटना होने पर गैस कंपनी को इसकी सूचना देने के बाद उसके द्वारा जांच की जाती है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)